नई दिल्ली, बुधवार 3 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-12/13 ■ वर्ष : 28, अंक : 83 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 19 न्यून. 13 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## अस्पताल के बाहर बिखरी पड़ी लाशें

ये तस्वीरें हादसे की सच्चाई है...भले ही आपको विचलित कर सकती हैं...पर सच तो सच है, उसे देखना ही पड़ेगा। इसलिए, छापी गई ये तस्वीरें।

## हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत

# मौत से सत्संग

## बाबा के काफिले को पहले निकाला... तब तक भीड़ बेकाबू हो गई, गर्मी और उमस में पहले निकलने की जल्दी में बिछ गई लाशें

### सत्संग में 80 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी

### जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनी

एजेंसी ⏭ हाथरस

यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें करीब 122 लोगों की मौत हो गई। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। हादसे के बाद हालात भयावह है।

अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े रहे। ⏩ शेष पेज 5 पर



प्रवचन करते साकार हरि बाबा

### फिल्मी हीरो की तरह रहता है बाबा, 3 राज्यों में हैं अनुयायी

साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल है। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गया। अनुयायी उसे भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायी बन गए। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान में अनुयायी फैले हैं। साकार हरि बाबा अपने सत्संग में मानव सेवा का संदेश देता है। सत्संग में आने वाले लोगों से कहता है कि यहां रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं, कोई दान नहीं, कोई पाखंड नहीं, यही सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है। बाबा ने वर्दी धारी स्वयंसेकों की लंबी-चौड़ी फौज खड़ी कर ली। बाबा आम साधु-संतों की तरह गेरुआ वस्त्र नहीं पहनते। बहुधा वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनकर किसी फिल्मी हीरो की मानिंद नजर आता है।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे

#### पीएम मोदी ने लोकसभा में भाषण रोककर जताया शोक

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपना भाषण रोकते हुए हाथरस में भगदड़ की घटना पर कहा कि मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करता हूं, प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। राज्य सरकार की देख-रेख में प्रशासन राहत और बचाव में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। सदन के माध्यम से भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी।



#### *लाशों के ढेर देखकर सिपाही को आया हार्ट अटैक, मौत*

*एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यूआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।*

#### *मुर्मू ने दुख व्यक्त किया*

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

#### खरगे और राहुल ने दुख जताया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करें।

---

**संसद में संग्राम : पीएम जब तक बोलते रहे, विपक्ष तब तक हंगामा करता रहा**

पीएम नरेंद्र मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताया और कहा कि कांग्रेस और उसका तंत्र आजकल 'बच्चे' का मन बहलाने में ही लगा है

## एक बालक 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा, उसे नहीं पता कि ये नंबर 100 में से नहीं 543 में से हैं

### राहुल के 90 मिनट बनाम प्रधानमंत्री मोदी के सवा दो घंटे

पीएम ने कहा कि यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है। यह चुनावों में कांग्रेस का तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कांग्रेस और समूचे विपक्ष को घेर लिया। पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को बालक बुद्धि (बच्चा) कहा। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि एक बालक 543 में से 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा है। उसे नहीं पता था कि ये नंबर 100 में से नहीं बल्कि 543 में से हैं। यह लगातार तीसरी बार है कि कांग्रेस चुनाव में 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है।

यह चुनावों में कांग्रेस की तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन ⏩ शेष पेज 5 पर

**ये बालक बुद्धि सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं तो सदन के अंदर बैठकर आंख मारते हैं**

*कांग्रेस अब 'परजीवी कांग्रेस' के नाम से जानी जाएगी क्योंकि वह जिससे गठबंधन करती है तो उसी का वोट खा जाती है*

■ कांग्रेस से कहा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ, ईमानदारी से जनादेश को समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो



पीएम ने सुनाई 3 कहानियां

**कहानी-1**

एक छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला, वो गिर जाता है। लुढ़क जाता है। रोने लगता है। एक बड़ा व्यक्ति उसके पास आकर कहता कि चींटी मर गई, चिड़िया उड़ गई। तुम बहुत अच्छी साइकिल चलाते हो। उसका ध्यान बंटाकर के उस बच्चे का मन बहला देते हैं। वैसे ही बच्चों के मन बहलाने का काम चल रहा है।

**कहानी-2**

बच्चा स्कूल से आया। रोने लगा, उसने मां से कहा कि मुझे स्कूल में मारा गया। मां ने पूछा बात क्या थी? बेटा ये नहीं बता रहा था कि आज स्कूल में उस बच्चे ने किसी बच्चे को मां के लिए अपशब्द कहे थे। और किसी की किताबें फाड़ दी, टिफिन चुराकर खा लिया था। हमने कल (सोमवार) सदन में ऐसी ही बचकाना हरकत देखी है। कल यहां बालक बुद्धि का विलाप चल रहा था।

**कहानी-3**

एक बालक अपने '99' नंबर का खुशी से जश्न मना रहा था। टीचर ने आश्चर्य व्यक्त किया और पूछा तुम मिठाई क्यों बांट रहे हो, तुम जश्न क्यों मना रहे हो? टीचर बताना चाहता था कि जश्न मनाने की कोई बात नहीं है। उसने जो 99 नं. प्राप्त किए थे। वे 100 में से नहीं, बल्कि 543 में से थे।



#### *भाषण के हटाए गए शब्दों पर भड़के राहुल गांधी*

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से हटाने के खिलाफ स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि मेरे विचारों को कार्यवाही से हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। भाषण के हटाए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में सच्चाई रखी। हर सांसद का अधिकार है कि वो संसद में लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए। इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने अपना भाषण दिया था।*

### 18 वीं लोस का पहला सत्र समाप्त 7 बैठकें हुईं, 34 घंटे चली कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सोमवार 24 जून को आरंभ हुआ 18 वीं लोक सभा का पहला सत्र, मंगलवार 2 जुलाई को समाप्त हो गया। इस अवसर पर सदन के कामकाज के संबंध में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र में 07 बैठकें हुई जो लगभग 34 घंटे तक चली। सत्र के दौरान 539 सदस्यों ने शपथ ली। 26 जून को हुए लोक सभा अध्यक्ष के निर्वाचन का उल्लेख करते हुए बिरला ने ध्वनि मत से दूसरी ⏩ शेष पेज 5 पर

### राजिंदर खन्ना अतिरिक्त एनएसए नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख राजिंदर खन्ना को अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। खन्ना को डिप्टी एनएसए के पद से पदोन्नत कर यह नया कार्यभार सौंपा गया है। यह पहली बार है जब किसी को अतिरिक्त एनएसए के पद पर नियुक्त किया गया है। खुफिया ब्यूरो के विशेष निदेशक टीवी रविचंद्रन को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया है। अब एनएसए अजीत डोभाल पीएम मोदी की पूरी तरह से सहायता करने के लिए स्वतंत्र हैं और आंतरिक सुरक्षा से संबंधित अन्य मुद्दों को अतिरिक्त एनएसए संभालेंगे।




**कल से एससीओ शिखर सम्मेलन**

### प्रधानमंत्री के 'सुरक्षित एससीओ' के विजन को लेकर प्रतिबद्ध भारत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के अलग-अलग भागों में जारी संघर्षों के बीच गुरुवार (4 जुलाई) से कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की परिषद के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि एससीओ की बैठक में समूह के नेता बीते दो दशक में जारी अपनी तमाम गतिविधियों की समीक्षा करेंगे और बहुआयामी सहयोग से जुड़े हुए मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन में भाग न लेने का निर्णय किया है। जिसकी वजह से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ⏩ शेष पेज 5 पर

**आज से नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यास**

### मैत्री युद्धाभ्यास में भाग लेने थाईलैंड रवाना हुई भारतीय सेना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और थाईलैंड की थल सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास मैत्री का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष इसका 13वां संस्करण है। जिसमें भाग लेने के लिए बीते सोमवार को भारतीय सेना की लद्दाख स्काउट्स की एक बटालियन के साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी थाईलैंड रवाना हो गए हैं। सेना ने बताया कि मैत्री युद्धाभ्यास 1 से 15 जुलाई 2024 तक थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में आयोजित किया जाएगा। इसमें रॉयल थाईलैंड सेना की 4 डिवीजन की 14 इंफैंट्री रेजिमेंट की पहली बटालियन से 76 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। यहां बता दें कि पूर्व में वर्ष 2019 में यह युद्धाभ्यास भारत के मेघालय के उमरोई में आयोजित किया गया था। ⏩ शेष पेज 5 पर

**आधुनिक परीक्षण होंगे**

### रक्षा मंत्रालय और औद्योगिक विकास निगम के बीच एमओयू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके तहत राज्य में रक्षा औद्योगिक गलियारे में मानवरहित हवाई प्रणाली (ड्रोन), इलेक्ट्रानिक वारफेयर और इलेक्ट्रोऑप्टिक्स डोमेन जैसी तीन अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि दो जुलाई को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक एमओयू हुआ। इस अवसर पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी मौजूद रहे।

## घायलों ने पुलिस को फोन कर दी घटना की जानकारी

# पांच सितारा होटल में शेड का एक हिस्सा गिरने से दंपति घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक पांच सितारा होटल के स्वीमिंग पूल के पास शेड का एक हिस्सा गिर जाने से एक दंपति घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि सोमवार को रात करीब आठ बजकर 56 मिनट पर आर के पुरम पुलिस थाने में फोन कॉल आई, जिसमें छत गिरने और दंपति के घायल होने की बात बताई गई। दंपति हयात रीजेंसी' में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि अमित जैन (42) और उसकी पत्नी रीवा जैन (32) होटल के भूतल पर स्थित स्विमिंग पूल के पास खड़े थे, तभी एक शेड का हिस्सा टूटकर उनके ऊपर गिर गया, जिससे उनके सिर में मामूली चोट आईं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घायलों ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि जब पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, तो उसे पता चला कि घायलों को पहले ही वसंत कुंज स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के अनुसार, घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच की गई, साक्ष्यों को एकत्र किया गया और वीडियोग्राफी की गई। दंपति ने अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। कानून के अनुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि पति-पत्नी पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं और चंडीगढ़ में उनका कारोबार है। पुलिस ने बताया कि वे अक्सर दिल्ली आते रहते हैं और 'हयात रीजेंसी' में रुकते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपति को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 'हयात रीजेंसी' ने संपर्क किए जाने पर इस घटना के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### डीटीसी की बस पलटी, एक व्यक्ति घायल



पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में 15 यात्रियों को ले जा रही डीटीसी की एक बस के मंगलवार तड़के पलट जाने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मार्ग संख्या 763 - आईएसबीटी से उत्तम नगर - पर चलने वाली दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस राजौरी गार्डन जा रही थी, तभी रिंग रोड पर वह डिवाइडर से टकराकर पलट गई। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तड़के करीब तीन बजकर 40 मिनट पर हुई। अधिकारी ने बताया कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

# डीटीसी ने किया कुछ रूटों के मार्ग में अस्थायी परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मानसून के चलते जगह-जगह जलभराव की वजह से वाहन चालकों को उठानी पड़ती है कई परेशानियां

मानसून के चलते अकसर जगह-जगह जलभराव की वजह से वाहन चालकों को कई परेशानियां उठानी पड़ती है। जिसमें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस आदि भी फंस जाती है। ऐसे में इस समस्या को कम करने के लिए डीटीसी ने कुछ रूटों पर परिचालन में अस्थायी परिवर्तन किया है। इस बारे में डीटीसी के जनसंपर्क प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि बारिश के चलते मिंटो रोड ब्रिज, प्रह्लाद पुर अंडरपास व जखीरा अंडरपास में जलभराव होने के कारण बस परिचालन में बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में वहाँ से गुजरने वाले रूटों की बसों के वाया में वैकल्पिक बदलाव किया गया है। राकेश के अनुसार मिंटो रोड ब्रिज के नीचे से रूट संख्या 185, 210, 213, 273, 433, 440, 440 ए, 445, 460, 500, 505, 522 स्पे., 604, 615, 729, 951, आरएल 77, 752, आरएल 77 एक्सटेंशन , एक्सप्रैस-4 आदि बसें कनाट सर्कल से मिंटो ब्रिज, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग की दिशा में जाते समय सुपर बाजार, बाराखम्बा रोड से बाएं मुड़कर महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर, रामलीला ग्राउंड व आगे अपने गंतव्य की और जायेंगी। विवेकानंद मार्ग, मिंटो ब्रिज सर्कल, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग की तरफ से कनाट सर्कल की और जाते समय कमला मार्किट, बहादुरशाह जफर मार्ग, महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर, बाराखम्बा रोड व आगे अपने गंतव्य की और जाएगी। जबकि प्रहलादपुर अंडरपास रूट संख्या 34, 34।, 433, 440।, 473।, 511, 511।, 525, 544, 717, 717 ए , 717 बी आदि अम्बेडकर नगर, संगम विहार, माँ आनंदमयी मार्ग, संगम विहार से बदरपुर बॉर्डर की और जाते समय ऍम बी रोड, माँ आनंदमयी मार्ग, कालकाजी डिपो, कालकाजी मंदिर, मोदी मिल फ्लाईओवर, सुखदेव विहार डिपो, मथुरा रोड व आगे अपने गंतव्य की और जाएगी। बदरपुर बॉर्डर से माँ आनंदमयी मार्ग, संगम विहार, अम्बेडकर नगर की और जाते समय मथुरा रोड, ओखला टैंक, मोदी मिल फ्लाईओवर, गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन,कालकाजी डिपो, माँ आनंदमयी मार्ग व आगे अपने गंतव्य की और जाएगी। जखीरा अंडरपास रूट संख्या 108, 234, 234 ए , 778, 801, 816, 817 एन, 832, 917, 968 आदि। मोती नगर, कर्मपुरा से जखीरा अंडरपास की दिशा में जाते समय जखीरा, रोहतक रोड, पंजाबी बाग, ब्रिटानिया चौक, लॉरेंस रोड, केशवपुरम ए-1, महाराजा नाहर सिंह मार्ग, इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन व आगे अपने गंतव्य की और जाएगी। राकेश के अनुसार सुभद्रा कॉलोनी, इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से मोदीनगर की और जाते समय शास्त्री पार्क, इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन, महाराजा नाहर सिंह मार्ग, केशवपुरम ए–1, लारेंस रोड, ब्रिटानिया चौक, पंजाबी बाग, जखीरा व आगे अपने गंतव्य की और जाएगी। पंजाबी बाग से जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से जाने वाली बसें दोनों दिशा में जखीरा फ्लाईओवर व सराय रोहिल्ला चौराहा व आगे अपने गंतव्य की और जाएगी। आजाद मार्किट अंडरपास रूट संख्या 219ए, 219 एसटीएल, 32ए, 233 एसटीएल , 236ए , 236 एक्सटेंशन, 247 आदि।

## निगमायुक्त विवादास्पद शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी पर रोक लगाएं : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार शिक्षा विभाग में गत 2-3 साल में नियुक्त किए गये स्कूल कॉर्डिनेटरस एवं मैंटोर्स को वापस पढ़ाने की ड्यूटी पर लगाने के निर्देश दें और विवादास्पद शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी पर रोक लगाएं। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने निगम से अतिरिक्त आयुक्त विकास त्रिपाठी को पदमुक्त किये जाने का स्वागत करते हुए आयुक्त से उक्त मांग की है। उन्होंने कहा है कि खेदपूर्ण है कि तत्कालीन दक्षिण दिल्ली नगर निगम और फिर संयुक्त दिल्ली नगर निगम में अपनी नियुक्ति के दौरान विकास त्रिपाठी ने नगर निगम के स्कूलों में व्यवस्था सुधार करने के दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्रियों मनीष सिसोदिया एवं आतिशी के राजनीतिक एजेंडा को स्कूलों में लागू करने का काम किया। कपूर ने कहा है कि विकास त्रिपाठी गत 2 दशक में नगर निगम में प्रतिनियुक्ति पर आये सबसे विवादित अधिकारी माने जाते हैं।

# बिल्डर के घर के बाहर गोलीबारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक बिल्डर के घर के बाहर दो अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्कूटर सवार दो लोगों ने सोमवार रात आठ बजकर 48 मिनट पर वेलकम इलाके में आरिफ अली (38) के घर के बाहर तीन से चार गोलियां चलाईं और फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा कि कबीर नगर में रहने वाले अली पेशे से बिल्डर हैं और उन्होंने पुलिस को बताया कि पहले उन्हें जबरन वसूली के लिए फोन कॉल आया था, लेकिन उन्होंने प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई थी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात आठ बजकर 50 मिनट पर गोलीबारी के संबंध में पुलिस को सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि यह पता चला है कि दो लोग स्कूटर पर आए और उन्होंने अली के घर पर तीन से चार गोलियां चलाईं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि अली ने बताया कि एक स्थानीय बदमाश उन्हें धमका रहा था और उनसे 10 लाख रुपए की रंगदारी मांग रहा था। उन्होंने अभी तक पुलिस से संपर्क नहीं किया था। घटनास्थल से दो खाली कारतूस बरामद किए गए। इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## जलभराव से मरने वाले के परिजनों को मुआवजे के लिए मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन से मिले कांग्रेसी

**नई दिल्ली।** गत दिनों भारी बारिश से हुए जलभराव की वजह से जान गंवाने वालों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग के साथ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष विजया भारती सायानी से मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव की तरफ से भेजा गया था। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद, विजय लोचव, अमरीश गौतम, दर्शना रामकुमार, दिल्ली बार एसोसिएशन के चेयरमैन के.सी. मित्तल, एडवोकेट सरफराज अहमद सिद्दीकी, प्रदयूमन सिंह सहित लीगल टीम आदि मौजूद थी। इस बारे में अनिल कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष से मिलकर बारिश के कारण 11 लोगों की मौत पर उनके परिवारजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस ने आयोग को ज्ञापन पत्र भी सौंपा है, जिसमें विस्तार से बताया गया है।

# विदेशी युवक 22 करोड़ की कोकीन की तस्करी के आरोप में दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सीमा शुल्क अधिकारियों ने कैमरून के एक व्यक्ति को 22 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी के आरोप में यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। मंगलवार को जारी एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आरोपी शुक्रवार को अदीस अबाबा (इथियोपिया) से दिल्ली आया था जिसके बाद उसे हवाई अड्डे पर रोक लिया गया।

सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान 70 कैप्सूल बरामद किए गए जिनमें सफेद रंग के पाउडर जैसा पदार्थ था। कैप्सूल में 1,472.5 ग्राम सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला। ऐसा संदेह जताया गया था कि यह पदार्थ कोकीन है। बयान के अनुसार, जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि यह पदार्थ कोकीन है जिसकी कीमत 22.09 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया कि मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है।


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | NIT NO 2024-25 DATED 25.06.2024 | एक्सईएन/ओपी डिवीजन, यूएचबीवीएन पुण्डरी के तहत किराया आधार पर 24*7 उपयोग किए जाने चालक सहित एसडीओ/ओपी डिवी. पुण्डरी के कार्यालय उपयोग हेतु बोलेरो/टाटा सूमो वाहन और शिकायत केन्द्र एसडीओ/ओपी उपमंडल ढांड हेतु चालक सहित सिंगल सीटर पीछे की साइड से खुले 2 अदद आउटसोर्स्ड वाहन महेन्द्र/टाटा फोर्स को किराये पर लेना। निविदा की खरीद हेतु अन्तिम तिथि व समय 10.07.2024 अप. 5.00 बजे तक और बोली जमा व खुलने की अन्तिम तिथि (तिथि व समय) 11.07.2024 अप. 2.00 बजे और अप. 3.00 बजे तक। एसडीओ ओपी यूएचबीवीएन ढांड हेतु वाहन को किराये पर लेना में महिन्द्रा पिकअप की बजाए बोलेरो के तौर पर पढ़ा जाए। अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे। | www.uhbvn.org in | 9354726133 xenoppundri@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | NIT NO.01/VEHICLE / SU-II / 2024.25 DATED 19.06.2024 | वाहन को किराये पर लेना निविदा की बिक्री 08.07.2024 से अप. 1.00 बजे तक और निविदा की प्राप्ति अप. 3.00 बजे तथा निविदा का खुलना उसी दिन अप. 3.30 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.uhbvn.org in | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/100/27396/I/88/7 दि. 02.07.24


## संगठन मजबूती के लिए सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां में कार्यकर्ताओं की हुई बैठकें : देवेंद्र

**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस संगठन को चुस्त दुरुस्त करने की कवायद चल रही है। मंगलवार को दिल्ली कांग्रेस ने सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित की। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी 280 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में बैठकें आयोजित की गई। संगठन को बूथ लेवल और जमीनी स्तर मजबूत करने के लिए सभी ब्लॉक के पदाधिकारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय निवासी भी बैठक में शामिल हुए। यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने यह फैसला लिया है कि प्रत्येक माह की 2 तारीख को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और 5 तारीख को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का पुनर्निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज ब्लाक कांग्रेस कमेटियों में भारी संख्या में क्षेत्रीय निवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से साबित हो गया है कि आज भी कांग्रेस की विचाराधारा में लोग विश्वास रखते है। जिला कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी बैठक में शुरु किया गया झंड़ा लगाओ पहचान बताओं अभियान के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय लोग भी कांग्रेस का झंडा अपने घरों, दुकानों और नजदीकी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लगा रहे है।

# डीडीसीडी के तीनों नॉन ऑफिशियल सदस्य अपने पद पर बने रहेंगे : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### एलजी का आदेश कानून की दृष्टि से गलत

आदेश में कहा गया कि सर्विसेज विभाग द्वारा दिनांक 27 जून 2024 को डीडीसीडी के नॉन ऑफिशियल सदस्यों के निलंबन के आदेश को एलजी एलजी द्वारा भी मंजूरी दी गई है जो कानून की दृष्टि से गलत है और एक दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई है। ऐसे में यह साफ है कि सर्विसेज विभाग और एलजी का अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर शक्तियों का दुरुपयोग किया गया है। इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए योजना मंत्री आतिशी न सर्विसेज विभाग और एलजी के दिनांक 27 जून 2024 के आदेश को अमान्य घोषित कर सभी नॉन-ऑफिशियल सदस्य 26 जून 2024 की यथास्थिति में बहाल रहने के आदेश दिए।

दिल्ली की योजना मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए सर्विसेज़ विभाग और एलजी द्वारा दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के 3 नॉन ऑफिशियल सदस्यों को बर्खास्त करने के आदेश को अमान्य करार दिया। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन पर निर्णय लेना सर्विसेज़ विभाग या एलजी के क्षेत्राधिकार में नहीं आता ऐसे में ये आदेश अमान्य है और डीडीसीडी के नॉन ऑफिशियल सदस्य अपनी भूमिका में बने रहेंगे। साथ ही उन्होंने कड़े शब्दों में सर्विसेज़ विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि डीडीसीडी के तीनों नॉन ऑफिशियल सदस्य अपनी भूमिका में बने रहेंगे, योजना मंत्री की मंजूरी के बिना सर्विसेज विभाग या एलजी के आदेश के अनुसार कोई भी कारवाई अवैध मानी जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों एलजी वी.के.सक्सेना ने दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के सभी नॉन ऑफिसियल सदस्यों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था। और उन्हें तत्काल प्रभाव से डीडीसीडी से हटा दिया गया था।

योजना मंत्री द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि डीडीसीडी में नॉन-ऑफिशियल सदस्यों की नियुक्ति और उनके कार्यों को लेकर निर्देश देने का एकमात्र अधिकार दिल्ली के मुख्यमंत्री के पास है। डीडीसीडी के नॉन ऑफिशियल सदस्यों को सीधे मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है, और इन सदस्यों का कार्यकाल दिल्ली सरकार के कार्यकाल (को-टर्मिनस) के साथ-साथ है और उन्हें केवल डीडीसीडी के अध्यक्ष (दिल्ली के मुख्यमंत्री) की मंजूरी से ही हटाया जा सकता है। ऐसे में एलजी और सर्विसेज़ विभाग के पास इन नॉन ऑफिशियल सदस्यों की नियुक्ति को रद्द करने का आदेश जारी करने का कोई अधिकार नहीं है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव पांची, राजलु गढी और भोगीपुर ब्लॉक गन्नौर में एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 2 कार्य। | 27.06.2024 09.07.2024 | 47.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, जीन्द | फतेहाबाद जिले में घग्गर नदी के ऊपर गांव मुंडलियान से मुसा खेड़ा को जोड़ने के लिए वी.आर. ब्रिज का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड-27268 दिनांक 23.01.2023)। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 2020.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416166143 xenconstdivjind@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, जीन्द | घग्गर नदी पर गांव जाखल से गांव उदेयपुर तक वी.आर. ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 1130.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416166143 xenconstdivjind@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | 24.22- गांव मदाना कलां, ब्लॉक बेरी में पार्क का निर्माण। | 29.06.2024 05.07.2024 | 20.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | गांव गवालिसन, ब्लॉक मातनहेल में ग्रे वाटर मैनेजमेंट का निर्माण। | 29.06.2024 05.07.2024 | 48.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | गांव आसौदा सिवान, ब्लॉक बहादुरगढ़ में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 1 कार्य। | 29.06.2024 05.07.2024 | 59.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मेहलाना, ब्लॉक सोनीपत में पीवीसी पाइप लाइन बिछाना एफएफसी। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 20.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | गांव सौंटी में बीसी चौपाल में हॉल और शैड का निर्माण तथा गांव जैतपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में बीसी चौपाल में शैड का निर्माण। | 28.06.2024 12.07.2024 | 13.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | ब्लॉक बराड़ा, जिला अम्बाला में 5 अदद गांवों में फिरनी पर स्ट्रीट लाइटिंग + 1 कार्य। | 01.07.2024 10.07.2024 | 63.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई - गांव लदाना में भानोखेड़ी रोड से नरेश के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण और गांव लोट्टों में मेन रोड से पंजाब बॉर्डर तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण और गांव महमुदपुर में नचत्तर सिंह से नरवाना ब्रांच नहर तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण और गांव नकतपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में उदेयपुर रोड से निर्मल के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण। | 01.07.2024 08.07.2024 | 26.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव बीकॉमपुर में शमशान भूमि में बैठने के शैड का निर्माण और आई/एल बिछाना तथा गांव राजौली में इंडोर जिम का निर्माण और गांव दादूपुर ब्लॉक बराड़ा में हॉल का निर्माण + 9 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 154.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | एनजीटी - गांव अमीपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 01.07.2024 10.07.2024 | 710.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव बजाना कलां, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट (घनशान पाना) में बरामदा और ब्रिक बैंच का निर्माण, एसएफसी स्कीम + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 51.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | केसीबी ड्रेन पर आरडी 57000 पर अप्रोन का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 10.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1276298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 15 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रानियां कस्बा : रानियां कस्बा जिला सिरसा में कैनाल आधारित जलापूर्ति योजना का प्रावधान, बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाना ''जलघर, एमबीएस और बूस्टिंग स्टेशनों समेत 8.88 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, ब्रिक लाइंड एस/एस टैंकों, चारदिवारी, स्वच्छ जल टैंक, पम्प चेम्बर, आर/डब्ल्यू और सी/डब्ल्यू सक्शन वैल, राइजिंग मेन लाइंस का निर्माण, विद्युत ट्रांसफॉमर्स, पम्पिंग मशीनरी, एफएचटीसी की स्थापना और वितरण पाइप लाइंस इत्यादि बिछाना, 3 माह ट्रायल रन की सफल पूर्णता के पश्चात 12 माह और इसके पश्चात 5 वर्ष के लिए सभी प्रकार से पूर्ण त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान प्रचालन और रखरखाव।'' | 01.07.2024 29.07.2024 | 3683.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 16 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला शहर में सिविल हॉस्पीटल के परिसर में डॉक्टर कॉलोनी में विभिन्न मकानों (मकान नं. 1, 5, 10, 13 और 17 (ए) की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 27.06.2024 11.07.2024 | 47.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 Pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 17 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला कैंट निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 2 अदद रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 55 और 204)। | 26.06.2024 09.07.2024 | 86.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 Pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 18 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र सढ़ौरा (ग्रुप-1) (आईडी 404,459,412,455 और 9742) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत। | 01.07.2024 10.07.2024 | 237.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 19 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग और सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान हेतु गांव तालाब धनताल के लिए 300 मिमी आई/डी डीआई के-9 प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना (धनताल कैनाल जल संग्रहण टैंक की मौजूदा 300 मिमी आई/डी डीआई पाइप लाइन से ऑफ टेकिंग) (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र में) (अटल भू-जल योजना के तहत) + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 205.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/380/27400/I/88/7 दि. 02.07.24

# राहुल गांधी देश के हिंदू समाज एवं लोकसभा अध्यक्ष से मांगें माफी : भाजपा

## संसद में हिंदुओं और सभापति का अपमान करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मर्यादाहीन व्यवहार करने, हिन्दुओं को हिंसक कह कर अपमान करने और सभापति का अपमान करने की कड़ी निंदा करते हुए दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी ने एक प्रेस वार्ता में मांग की है कि हिन्दू समाज एवं लोकसभा अध्यक्ष से माफी मांगें। प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिन्दुओं के बल पर ही 99 सांसदों को पाने वाले राहुल गांधी ने हिन्दुओं का अपमान किया है। सचदेवा ने कहा है कि राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ी है और प्रियंका गांधी को वहां से लड़ना है और शायद इसीलिए उन्होंने हिन्दुओं को गाली देकर वायनाड की जनता को खुश करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में तीन-तीन बार लॉन्च होने के बावजूद राहुल गांधी सिर्फ झूठ बोलते हैं। सोमवार का उनका भाषण निराशा से भरा और तथ्यहीन है। हैरानी होती है कि महामहिम राष्ट्रपति के भाषण पर चर्चा करने की जगह वह सिर्फ झूठ बोलते रहे और उससे दुखद है कि उनके पीछे बैठे वरिष्ठ नेता सिर्फ हंसते रहें। वहीं, सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी संविधान के सामने माथा टेकते हैं और राहुल गांधी उसका अपमान करते हैं। झूठे पानी के गिलास के साथ भगवान शंकर आदि के चित्रों को रखकर राहुल गांधी ने भगवान शिव का अपमान किया है। जिन 99 सीटों को पाने के बाद राहुल गांधी हिंदुओं को हिंसक कह रहे हैं उन 99 सीटो जीती सीटों में 87 फीसदी मतदाता हिंदू ही हैं।

### ‘किसी दूसरे धर्म के लिए ऐसा बोलकर दिखाए राहुल’

सचदेवा ने कहा कि बार बार हिंदुओं को हिंसक कहना, सनातन समाज को गाली देना और नफरत की दुनिया का बीज बोने का काम राहुल गांधी ने सोमवार के सदन में दिए गए अपने भाषण से किया है। सचदेवा ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा है कि जिस तरह की भाषा का प्रयोग उन्होंने हिंदू समाज के लिए किया है वह दूसरे धर्म के लिए बोलकर दिखाए। उनकी भाषा उनकी परवरिश को बताती है क्योंकि एक भारतीय ऐसे हिंदुओं को गाली नहीं दे सकता।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी के खिलाफ कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर और कई प्रमुख यातायात चौराहों पर तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## आम आदमी पार्टी सरकार के सारे वादे हो गए झूठे : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार की सारी लोक लुभावन योजनाएं ठप्प हो चुकी हैं। जोर-शोर से शुरू की गई डोर स्टेप डिलीवरी योजना फरवरी से ठप पड़ी है, महिलाओं की सुरक्षा का वादा करने वाले मार्शल नौकरी से हटाए जा चुके हैं, मुफ्त वाई फाई योजना का अता-पता नहीं है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि मौहल्ला क्लीनिकों में न दवाई है और न ही डॉक्टर, महिला आयोग भी अब पंगु होकर रह गया है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार पानी और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधा देने में तो नाकाम रही ही है, उसने जिन योजनाओं की घोषणा करके जनता को झांसा दिया और वोट हासिल किए, वे सारी योजनाएं भी दम तोड़ चुकी हैं। बिधूड़ी ने कहा कि अब महिला आयोग लगभग बंद हो गया है और उसकी हेल्पलाइन ने भी काम करना बंद कर दिया है।

सरकार ने डोर स्टेप डिलीवरी को अपनी बहुत बड़ी उपलब्धि बताते हुए दावा किया था कि भारत में कहीं भी ऐसी योजना नहीं है लेकिन वह भी दम तोड़ चुकी है। दिल्ली सरकार ने मुफ्त वाई-फाई का जो झांसा दिया था, वह योजना भी जनता तक नहीं पहुंच रही। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी-कांग्रेस का ठगबंधन लोकसभा की सातों सीटों पर बुरी तरह हारा और अब दिल्ली सरकार और नगर निगम में आम आदमी पार्टी ने जो अराजकता का माहौल बनाया हुआ है, आने वाले विधानसभा चुनावों में भी जनता उसे चलता कर देगी।

### ‘1100 करोड़ की लागत से रोहिणी सेक्टर-26, शास्त्री पार्क व कड़कड़डूमा में कोर्ट में बनेंगे कॉम्प्लेक्स’

# मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने किया तीन नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली में ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार रोहिणी सेक्टर-26, शास्त्री पार्क व कड़कड़डूमा में 3 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनवा रही है। मंगलवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई चंद्रचूड़ ने इनकी आधारशिला रखी। इस मौके पर जस्टिस हिमा कोहली, दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन, दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस व इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी के चेयरपर्सन राजीव शकधर, उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना व कानून मंत्री आतिशी भी मौजूद रही।

गौरतलब है कि रोहिणी सेक्टर-26 में बनने वाले कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर के साथ 12 और 10 मंजिला 2 बिल्डिंग ब्लॉक होंगे। कॉम्प्लेक्स में 102 कोर्ट रूम्स सहित 102 जज चैम्बर्स व 362 लॉयर्स चैम्बर भी होंगे। इसके साथ ही शास्त्री पार्क के 11 मंज़िला नए डिसि्ट्रक्ट कोर्ट कांप्लेक्स में 48 कोर्ट रूम और 250 लॉयर्स वर्क डेस्क बनाए जाएँगे। तीसरा प्रोजेक्ट कड़कड़डूमा में 9 मंजिला नए कोर्ट ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा जिसमें 50 नए कोर्ट रूम और 5 जज चैम्बर्स बनाए जाएँगे। इन तीनों प्रोजेक्ट में जजों, वकीलों और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं भी तैयार की जाएगी। साथ ही ये परिसर सोलर पैनल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, ई-कोर्ट की सुविधा, मल्टी पर्पस हॉल आदि से भी लैस रहेंगे। बता दें कि जनवरी में हुए दिल्ली सरकार की व्यय एवं वित्त समिति की बैठक में 1100 करोड़ की लागत से रोहिणी सेक्टर-26, शास्त्री पार्क व कड़कड़डूमा में कोर्ट काम्प्लेक्स बनाने की परियोजना को कानून मंत्री आतिशी ने मंजूरी दी थी। इन तीनों कॉम्प्लेक्स के पूरा होने के बाद दिल्ली के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में 200 नये कोर्ट रूम्स बढ़ेंगे और इससे कानूनी मामलों को तेजी से निपटाने में मदद मिलेगी।

शिलान्यास के कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कानून मंत्री आतिशी ने कहा कि कड़कड़डूमा, शास्त्री पार्क और रोहिणी सेक्टर-26 में बनने जा रहे तीनों नए कोर्ट काम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। आज जब हम नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रख रहे हैं, तो यह सिर्फ 200 कोर्ट रूम की आधारशिला नहीं है, बल्कि यह न्याय के उस वादे को पूरा करने की दिशा में एक कदम है, जो हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में लिखा था। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने हमें कई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इन जिम्मेदारियों को निभाते हुए हमने बच्चों को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन देने के लिए स्कूल बनवाए, लोगों को शानदार स्वास्थ्य सुविधाएँ देने के लिए अस्पताल बनवाए, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों के पास पहुँचाया, युवाओं को सफल एंटरप्रेन्योर बनने में मदद की, महिलाओं को आर्थिक अवसरों तक पहुंचने में मदद की और पानी, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया ताकि समाज के सबसे गरीब वर्गों को भी सम्मानजनक जीवन मिल सके। लेकिन फिर भी अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना बाक़ी है।

### आजादी के 75 साल बाद भी समाज में हैं कई असमानताएं : आतिशी

आतिशी ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल बाद भी समाज में जाति, लिंग, धन, शिक्षा आधारित कई असमानताएं हैं। लेकिन एक जगह है जहां हम सभी समान हैं और वो देश का संविधान है, कानून है जो सभी भारतीयों को समान मानता है। इन 3 कोर्ट कॉम्प्लेक्सों के शिलान्यास समारोह का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, क्योंकि यहीं पर संविधान का सपना पूरा होगा, जहां समानता के वादे की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले कुछ महीनों यहां बनने वाली इमारतें उनकी भारतीय संविधान पर भरोसे और न्याय की उम्मीद का प्रतिनिधित्व करेंगी। आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में, हम न्याय के इस वादे को पूरा करने और इस दिशा में सभी जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### न्यायालयों के लिए 4 गुना तक बढ़ाया बजट

आतिशी ने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले साल 2014-15 में, न्यायालयों के लिए कुल बजटीय आवंटन 760 रुपए करोड़ था। लेकिन हमें इस आवंटन में लगातार वृद्धि की और 2024-25 तक यह 4 गुना तक बढ़कर 3000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।क़ानून मंत्री आतिशी ने बताया कि 60 कोर्ट रूम कॉम्प्लेक्स, राउज़ एवेन्यू कोर्ट का उद्घाटन 2019 में किया गया। साकेत, तीस हजारी और कड़कड़डूमा कोर्ट परिसरों में 144 कोर्ट रूम जोड़े गए। और दिल्ली उच्च न्यायालय के एस-ब्लॉक का निर्माण और पुनर्विकास किया गया।







## दिल्ली सरकार अड़ी हुई है डीसीडब्ल्यू को बंद करने पर : मालीवाल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग ( डीसीडब्ल्यू ) की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार महिला आयोग को बंद करने पर अड़ी हुई है और उसने 181 महिला हेल्पलाइन को भी बंद कर दिया है। इस बाबत उन्होंने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर 181 महिला हेल्पलाइन के बंद होने और उनके इस्तीफे के बाद डीसीडब्ल्यू की स्थिति पर ध्यान देने का आग्रह किया है। सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि जबसे मैंने दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है, दिल्ली सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों ने आयोग के खिलाफ हमला शुरू कर दिया है। पिछले 6 महीनों से किसी को वेतन नहीं मिला है, बजट में 28.5 प्रतिशत की कटौती की गई है, 181 हेल्पलाइन वापस ले ली गई है। अध्यक्ष और 2 सदस्यों के पद भरने के लिए कोई काम नहीं किया गया है। दलित सदस्य का पद 1.5 वर्षों से खाली है। मेरे पद छोड़ते ही, आयोग को फिर से एक कमजोर संस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। दिल्ली सरकार महिलाओं पर अपनी दुश्मनी क्यों निकाल रही है। आज मैंने अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनसे इसका जवाब मांगा है। स्वाति ने सीएम को पत्र लिखकर पूछा कि वे ऐसा कैसे कर सकते हैं। जिस राज्य का महिला आयोग सक्षम नहीं है, वहां की महिलाओं की सुरक्षा कैसे हो सकती है। मेरा मानना है कि सरकार नहीं चाहती कि महिलाएं सक्षम हों। मुझे लगता है कि सरकार को उन महिलाओं से परेशानी है जो सवाल उठाती हैं।

## दिल्ली महिला आयोग के खस्ते हालात के जिम्मेदार हैं केजरीवाल : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग के खस्ते हालात के जिम्मेदार खुद अरविंद केजरीवाल है और यह उनकी महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता का प्रमाण है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत और बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए स्वाति मालीवाल द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर दिल्ली महिला आयोग के खस्ते हालात पर पूछे गए सवाल पर उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि यह केजरीवाल सरकार की महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता का प्रमाण है। प्रेसवार्ता का संचालन प्रदेश प्रवक्ता न्योमा गुप्ता ने किया और कहा कि केजरीवाल सरकार 2013 से ही महिला अधिकारों का हनन करती रही है। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि जब स्वाति मालीवाल को खुद महिला आयोग की जरूरत पड़ी क्योंकि जब उनके साथ मुख्यमंत्री आवास में अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में दुर्व्यवहार किया गया तो उस वक्त किसी ने उनकी नहीं सुनी और उस वक्त उनके महिला आयोग का अध्यक्ष होने का पूरा अर्थ ही खत्म हो गया।

## बीएसईएस का दावा, हम मानसून के लिए हैं पूरी तरह तैयार, करंट से बचने के दिए सुझाव

**नई दिल्ली।** मानसून के दौरान अकसर बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या देखी जाती रही है। इस समस्या को लेकर निजी बिजली वितरण आपूर्ति कंपनी बीएसईएस का दावा है कि हम मॉनसून के लिए पूरी तरह तैयार है अब बारिश में भी बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। कंपनी के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि मानसून एक्शन प्लान के तहत निचले इलाकों में लगे ट्रांसफॉर्मरों के फाउंडेशन को ऊंचा करके उन्हें सुरक्षित स्तर पर लाया गया है। स्विचगियर्स के ऊपर छतें लगाई ताकि जलभराव के कारण स्विचगियर्स में नमी और सीपेज न आने पाए। जहां भी संभव हो पेड़ों की शाखाओं की छंटाई का काम किया गया है। ट्रंसफॉर्मरों के इर्द गिर्द जालियां लगाई गई हैं। कामत ने बताया कि मॉनसून में जगह जगह पानी जमा होने से बिजली संबंधी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। कंपनी ने अनुरोध किया कि बारिश के दिनों में वे बिजली के पोल, सब.स्टेशनों, ट्रांसफॉर्मरों और स्ट्रीट लाइटों से दूर रहें। साथ ही अपने बच्चों को भी बताएं कि इन उपकरणों के इर्द गिर्द न खेलें चाहे उपकरणों के चारों ओर जालियां ही क्यों न लगी हों। उन्होंने कहा कि बिजली के झटकों व करंट से संबंधित आपातकालीन शिकायतों के लिए बीवाईपीएल व बीआरपीएल के नंबरों पर संपर्क कर सकते है। मॉनसून के दौरान करंट से सावधान रहें। गीला स्विच न छुएं। घर में एक टेस्टर रखें और स्विच को छूने से पहले टेस्टर से चेक करें कि कहीं लीकेज तो नहीं! शक होने पर अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।

## आईपी यूनिवर्सिटी के बीए एलएलबी में दाखिला 5 जुलाई तक

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के बीए एलएलबी/बीबीए एलएलबी प्रोग्राम में दाखिले के लिए विकल्प चयन का अवसर 5 जुलाई तक उपलब्ध रहेगा। आईपी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन आवेदकों ने इस प्रोग्राम के लिए आवेदन और पंजीकरण कर रखा है वे 5 जुलाई तक विकल्प चयन कर सकते हैं। इस दौर की काउन्सलिंग के लिए अब नया पंजीकरण संभव नहीं है। विकल्प चयन ऑनलाइन काउन्सलिंग प्रक्रिया का एक हिस्सा है। 8 जुलाई को इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आयोजित प्रथम चरण की काउन्सलिंग का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# जल निकासी के लिए बनी छोटी नहरों पर कब्जा, कहां जाए पानी

दया राम ⏭ नई दिल्ली

- कहीं गोदामों के अतिक्रमण की भेंट चढ़ी, तो कहीं कटी कॉलोनी

दिल्ली में दशकों पहले बारिश के चलते होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए छोटी नहरें व नालों का निर्माण हुआ था। जिसके चलते गांवों में भरने वाला पानी इन छोटी नहरों व नालों के माध्यम से नहरों में चला जाता था और जलभराव नहीं होता था। लेकिन जैसे जैसे गांवों का शहरीकरण हुआ, अवैध कॉलोनियों बढ़ी तो दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग और दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने अपनी आंखें मूद ली और इन छोटी नहरों व नालों पर अतिक्रमण व कब्जा करने वालों पर कार्यवाही नहीं की। दिल्ली देहात के उत्तरी पश्चिमी राजस्व जिला, उत्तरी जिला के अंतर्गत गांवों के आसपास बने हुए ये छोटी नहरें व नाले कहीं गोदामों, कॉलोनी की भेंट चढ़ चुके हैं तो कहीं पेट्रोल पंप व बडे. बड़े मॉल, शोरूमों के सामने पार्किंग के रूप में विकसित हो गए हैं और जब बारिश होती है तो फिर हाहाकार मचता है साथ ही हादसे भी होते हैं। जैसे गत कई वर्षों से बारिश के



दौरान होता आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किराड़ी विधानसभा में जलभराव इसी अतिक्रमण की देन है। यहां किराड़ी में पूठ की तरफ से रोहतक रेलवे लाइन की तरफ नाला था जो अतिक्रमण का शिकार हुआ है और जब बारिश होती है तो किराड़ी पानी पानी हो जाता है। इसके अलावा सुल्तान पुर से मदन पुर और फिर झाड़ौदा जाने वाली नहर का हाल भी इसी प्रकार का है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय डीएम कार्यालय को अनेकों बार इस अतिक्रमण की जानकारी दी गई हैं लेकिन राजस्व विभाग प्रशासन सिर्फ कागजों में ही प्रयास करता पाया गया, जमीनी स्तर पर नहीं। इसके अलावा उत्तरी राजस्व जिले के अंतर्गत नरेला विधानसभा क्षेत्र के जींदपुर में बने गोदामों ने नालों का निगल लिया, जीटी करनाल मार्ग के पास सिंघु बॉर्डर से सिंघोला की तरफ जाने नहर में गिरने वाली छोटी नहर पर पेट्रोल पंप, शोरूम, दुकानदारों ने कब्जा कर दिया और गुरु तेग बहादुर स्मारक की तरफ की नाले को मिट्टी से बंद कर दिया है जिसके कारण सिंघु बॉर्डर फ्लाईओवर और आसपास में जानलेवा जलभराव हो जाता है।

### बारिश ने खोली सरकार की पोल

दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले राजस्व विभाग की लापरवाही का खामियाजा इन दिनों देश और दिल्ली के नागरिकों के साथ साथ सरकार को भी भुगतना पड़ रहा है। 28 जून 2024 को दिल्ली में आई बारिश के बाद विपक्ष ने दिल्ली सरकार के नाले, नालियों की जो पोल खोली है, उसके चलते आम आदमी शासित दिल्ली सरकार के मंत्रियों और दिल्ली की महापौर को भी मैदान में उतरना पड़ रहा है।

## चार दिन बाद भी चंद्रावल जल संयंत्र नहीं हुआ पूरी तरह ठीक, बारिश के चलते हुआ था खराब

नई दिल्ली। गत 28 जून 2024 को हुई अति भारी बारिश के चलते खराब हुआ दिल्ली जल बोर्ड का चंद्रावल जल शोधन संयंत्र चार दिन बाद मंगलवार को भी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ। वहीं ओखला में भी शोधन कम हो रहा है। लगातार खराबी के चलते चंद्रावल संयंत्र से कच्चे पानी का शोधन कार्य प्रभावित हो रहा है। इस बारे में डीजेबी के समर एक्शन प्लान से जुड़े एक आला अधिकारी ने बताया कि चंद्रावल संयंत्र अभी पूरी तरीके से चालू नहीं हो पाया है। अधिकारी ने बताया कि चंद्रावल संयंत्र में जल शोधन कम हो रहा है। अधिकारी की माने तो पंप हाउस की ओर बारिश के पानी के वापस प्रवाह के दौरान क्षतिग्रस्त हुआ था। ईएसआई यूजीआर के आउटलेट पर रखरखाव प्रभाग द्वारा किए गए रिसाव कार्य के कारण ओखला में कम शोधन हो रहा है। अधिकारी द्वारा बताया गया कि चंद्रावल के पूरी तरीके से कार्य नहीं करने की वजह से संयंत्र तय क्षमता 94 एमजीडी की जगह 80 एमजीडी कच्चे पानी का शोधन हो सका। अभी भी चंद्रावल संयंत्र अपनी क्षमता से करीब 10 एमजीडी कम पानी का शोधन कर पा रहा है। जिसके चलते संयंत्र से जुड़े आपूर्ति क्षेत्रों में आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

## जलभराव की समस्याओं के लिए एक उचित समाधान खोजना है अत्यंत महत्वपूर्ण : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में जलभराव की समस्याओं के लिए एक उचित और स्थायी समाधान खोजना, विशेष रूप से मानसून के दौरान, अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इन चुनौतियों का समाधान करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी जल निकासी प्रणाली और अधिक कार्यात्मक हो ताकि निवासियों को असुविधा न हो। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कुशक नाले का निरीक्षण कर रखरखाव की चुनौतियों पर ध्यान देते हुए यह बातें कही। इस दौरान महापौर के साथ विधायक मदन लाल, पार्षद अनिता बैसोया, मध्य जोन की उपायुक्त एंजेल भाटी चौहान और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने आईएनए मेट्रो स्टेशन के पास कुशक नाले का निरीक्षण किया और बताया कि कुशक नाला इस क्षेत्र के सबसे बड़े नालों में से एक है और यह शहर की जल निकासी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महापौर डॉ. ओबरॉय ने कुशक नाले की स्थिति का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ इसके रखरखाव और नियमित सफाई में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि नाले के चारों ओर अतिक्रमण के कारण, सफाई मशीनरी के लिए पहुंच मार्ग अपर्याप्त है, जिससे नाले की सफाई में बाधा आती है। इन बाधाओं के बावजूद, जहां भी संभव हो सका, नाले की सफाई करा दी गई है।

### 30 विधानसभाओं में लगाए जाएंगे पौधे

# दिल्ली सरकार 11 जुलाई से शुरू करेगी पौधरोपण अभियान : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिल्ली के अंदर हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी 11 जुलाई से पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेगी। इस बात की जानकारी मंगलवार को पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में दी है। राय ने बताया कि पहले चरण के तहत नरेला विधानसभा क्षेत्र से पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान के तहत इस साल 64 लाख से ज्यादा पौधे लगाने/वितरण का लक्ष्य तय किया गया है। जिसे सभी हरित एजेंसी के सहयोग से पूरा किया जाएगा। पहले फेज में दिल्ली के 30 विधानसभाओं में इस अभियान के तहत पौधा वितरण किया जाएगा । इस अभियान के दौरान निशुल्क औषधीय पौधों के वितरण का कार्य किया जाएगा। राय ने बताया कि हमारी सरकार ने दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं। उन तमाम उपायों के परिणाम स्वरूप दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में लगभग 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है और दिल्ली के अंदर हरित क्षेत्र



(ग्रीन कवर ) में काफी इज़ाफा देखा गया है। हमने दिल्ली के लोगों से चुनाव के समय जो महत्वपूर्ण गारंटी दी थी, उसमें दिल्ली के पर्यावरण को ठीक करने के लिए दो करोड़ पौधे लगाने का 5 साल में लक्ष्य रखा था। सरकार अपने इस कार्यकाल के चौथे वर्ष में ही लगभग 2 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस लक्ष्य को सभी 21 सम्बंधित विभागों की हरित एजेंसियो के द्वारा पूरा किया गया है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस साल 64 लाख पौधे लगाने/वितरण का लक्ष्य तय किया है। पिछले साल हमने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस साल हमने 64 लाख पौधे लगाने/वितरण का जो लक्ष्य निर्धारित किया है। उसमें सबसे ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य वन विभाग ने लिया है। राय ने कहा कि इस साल लगभग 7 लाख 74 हजार से ज़्यादा निःशुल्क पौधे वितरित किये जाएंगे।दिल्ली के 30 विधानसभा क्षेत्र में 11 जुलाई से 9 अगस्त तक पौधा वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में चलेगा पौधरोपण अभियान

पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने बताया कि 11 जुलाई को नरेला और बवाना से पौधरोपण अभियान की शुरूआत होगी। इसके बाद 13 जुलाई को बिजवासन और पालम, 15 जुलाई को हरिनगर और तिलकनगर, 16 जुलाई को कोंडली, 17 जुलाई को बादली और बुराड़ी,18 जुलाई को मॉडल टाउन और वजीरपुर,19 जुलाई को मुंडका और नांगलोई जाट, 20 जुलाई को राजौरी गार्डन,22 जुलाई को मेहरौली और छत्तरपुर, 23 जुलाई को कस्तुरबा नगर, 24 जुलाई को गोकलपुरी और मुस्तफ़ाबाद, 25 जुलाई को आदर्श नगर,26 जुलाई को सुल्तानपुर माजरा, 27 जुलाई को विकासपुरी, 29 जुलाई को तुगलकाबाद और ओखला, 3 अगस्त को कृष्णा नगर, 5 अगस्त को सीमापुरी और सीलमपुर, 7 अगस्त को आर के पुरम, 8 अगस्त को रिठाला और 9 अगस्त को मटिआला में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महर्षि वाल्मीकि रामायण कथा व भंडारा आयोजित



**गुरुग्राम।** श्री प्रीतम धाम दशमेश घाट चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बाबा हरिदास के तत्वाधान में कथा वाचक आचार्य गौरव दुबे के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि रामायण कथा का सप्तांत कार्यक्रम समापन के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के महासचिव डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि रामायण कथा आयोजन समाज को समर्पित किया गया।

### जिला कराटे संघ फरीदाबाद का चुनाव संपन्न



**फरीदाबाद।** सेक्टर 24 होटल हाऊडी में जिला खेल कराटे संघ का चुनाव हुआ। जिसमें फरीदाबाद जिले से 50 कराटे मास्टरों ने हिस्सा लेकर वोटिंग की। जिसमें अध्यक्ष अमरीश सिंह, उपाध्यक्ष हरीश शर्मा, महासचिव सलमान अली, डायरेक्टर सचिन कुमार, सचिव नितेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर वर्मा चुने गए।

### इनर व्हील क्लब फरीदाबाद की प्रधान बनी पूजा जैन

**फरीदाबाद।** इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन की नई प्रधान का दायित्व पूजा जैन को मिला है।



पूजा जैन ने पदभार संभालते हुए सामाजिक उत्थान के कार्य करने की शुरुआत भी कर दी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, वृद्धजनों की देखभाल का कार्य में रुचि लेती हैं।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार



किया है।आरोपी रोहित कुमार उर्फ गुंजन सेक्टर-17 एरिया का रहने वाला है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल को सेक्टर-16 की मार्किट से प्रयोग करने के लिए चोरी किया था। आरोपी पर पूर्व में भी चोरी का मुकदमा दर्ज है। जिनमें आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ईंट मारकर व्यक्ति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पल्ला क्षेत्र गांव तिलपत की मनोज की सिर में ईंट मार कर हत्या करने के आरोपी को



अपराध शाखा डीएलएफ गिरफ्तार किया है। एसीपी अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साहिल उर्फ सुल्टा उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के गांव भदरी का रहने वाला है। जो वर्तमान में तिलपत गांव में किराए पर रह रहा है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने बदरपुर बोर्डर दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

### तेज रफ्तार की की टक्कर से महिला की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में वाहन की इंतजार में खड़ी महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार



दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। प्यारेलाल ने कहा कि वह अपनी पत्नी रोशनी देवी के साथ बेटी से मिलने के लिए गुरुग्राम आए थे। वापसी के दौरान दोनों वाहन के इंतजार में दिल्ली जयपुर रोड पर खड़े थे।

---

इंडियन मेडिकल एसोशिएन की राज्य सरकार को दो टूक

# करोड़ों का भुगतान अटका, निजी अस्पतालों ने रोका आयुष्मान कार्ड वालों का इलाज

आईएमए ने निजी अस्पतालों का बकाया चुकाने के लिए हरियाणा सरकार को 5 जुलाई तक का समय दिया है। यदि इस दौरान सरकार भुगतान नहीं करती है तो अनिश्चितकाल के लिए इलाज की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

भाजपा शासित राज्य हरियाणा के फरीदाबाद जिले के निजी अस्पतालों ने अब आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों का इलाज करना बंद कर दिया है। निजी अस्पतालों ने यह फैसला सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों का भुगतान नहीं किए जाने की वजह से लिया है।

हरियाणा सरकार पर निजी अस्पतालों का करीब 200 करोड़ रुपए बाकी है, जबकि जिले के अस्पतालों का करीब दो करोड़ रुपए बकाया है। इंडियन मेडिकल एसोशिएन (आईएमए) ने बकाया चुकाने के लिए हरियाणा सरकार को 5 जुलाई तक का समय दिया है। आईएमए ने कहा है कि यदि इस दौरान सरकार भुगतान नहीं करती है तो अनिश्चितकाल के लिए इलाज की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

**खास बातें**

- अस्पतालों का करीब 200 करोड़ रुपए बाकी
- निजी अस्पतालों के पास सीमित संसाधन
- बकाया चुकाने के लिए 5 जुलाई तक का समय




**बेहतर चिकित्सा पर खर्च**

**भुगतान न होने से अस्पताल प्रबंधनों को आ रही परेशान**

आयुष्मान सरकार की अच्छी योजना है और इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा भी मिल रही है। इलाज का भुगतान नहीं होने से अस्पताल प्रबंधनों को परेशान आ रही है। निजी अस्पतालों के पास सीमित संसाधन होते हैं और मरीजों से प्राप्त होने वाली आय को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाता है। सरकार द्वारा भुगतान नहीं किए जाने से सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

डॉ. सुरेश अरोड़ा, चेयरमैन, आयुष्मान विंग आईएमए

---

फरीदाबाद में हुई घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल व कार बरामद

# बीच रोड कांग्रेस नेता की हत्या, छाती पर पिस्टल से मारी गोली, हत्यारे हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

शहर में क्राइम का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। डबुआ मस्जिद चौक के पास बीच रोड पर बदमाशों ने कांग्रेस के एक युवा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस वक्त हुई, जब युवा नेता चौक पर खड़े होकर अपने दोस्त के साथ बात कर रहे थे। इस दौरान कुछ जानकार युवक वहां आए। उन्होंने बातों-बातों में कुणाल के हाथ पकड़े और छाती पर लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। पुलिस ने डबुआ थाने में देर रात ही केस दर्ज कर लिया गया। क्राइम ब्रांच की कई टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

पुलिस के अनुसार, ज्योतेंद्र भड़ाना उर्फ रिंकू ने मामले में शिकायत दी है। उन्होंने बताया है कि वह दो भाई और दो बहनें हैं। वह परिवार सहित नवादा कोह में रहते हैं। 32 साल के कुणाल उनके छोटे भाई थे। रविवार रात 11 बजे एक युवक ने मोबाइल पर कॉल करके बताया कि सेक्टर-48 निवासी विजय और बिल्लू अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर कुणाल के साथ मारपीट कर रहे हैं।

यह सुनकर वह मौके पर पहुंचे। वहां देखा तो बिल्लू ने कुणाल के हाथ पकड़े थे और विजय ने जेब से पिस्टल निकालकर कुणाल की छाती पर गोली मार दी। वह भागकर कुणाल के पास पहुंचे, तब तक सभी आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए।

कुणाल को सेक्टर-21 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

> पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद आरोपी गुड़गांव की तरफ अरावली की पहाड़ियों में भाग गए। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल व कार बरामद कर ली है।

**खास बातें**

- पुलिस के हाथ लगी हत्या की सीसीटीवी फुटेज।
- गोली मारते हुए सीसीटीवी में कैद हुए आरोपित।



**आरोपियों से हुई थी कुणाल की कहासुनी**

*इस दौरान कुणाल के साथ एक युवक की आरोपियों से कुछ कहासुनी हुई। जैसे ही बीच में कुणाल आया तो एक आरोपी ने उसे गोली मार दी। इसके बाद कुणाल सड़क पर गिर गया।*

---

नगर आयुक्त ने संभव के अंतर्गत सुनी शिकायतें

# 25 पर विभागों ने की कार्रवाई, जल भराव की समस्या लेकर पहुंचे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। संभव के दौरान अधिकांश समस्याएं विजयनगर जोन से प्राप्त हुई। 25 संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें जल भराव की समस्या भी प्राप्त हुई। नगर आयुक्त सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने जन समस्याओं को सुना तथा तत्काल समाधान के लिए कार्रवाई की।

**अधिकांश समस्याएं जलकल विभाग संबंधित**

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मालिक ने बताया कि संभव के अंतर्गत 25 संदर्भ प्राप्त हुए। जिनमें से जलकल विभाग संबंधित अधिकांश समस्याएं प्राप्त हुई। जिसमें विजयनगर अंतर्गत पानी की पाइपलाइन लीकेज की समस्या भी सामने आई तथा नालों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण की वजह से नाले साफ नहीं हो पा रहे हैं समस्या सामने आई, जोनल प्रभारी विजयनगर को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए जलकल विभाग स्वास्थ्य विभाग तथा जोनल प्रभारी की टीम मिलकर कार्य करें निर्देश दिए ।

**स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 5 शिकायतें**

संभव में निर्माण विभाग से 5 शिकायत, स्वास्थ्य विभाग से 5 शिकायत, उद्यान विभाग से 1 शिकायत, प्रकाश संबंधित 1 शिकायत, संपत्ति संबंधित 1 शिकायत, टैक्स संबंधित 1 शिकायत, अवैध अतिक्रमण संबंधित 2 शिकायत, जलकल विभाग संबंधित 9 संदर्भ प्राप्त हुए, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

आरोपी पर पूर्व में चोरी, अवैध हथियार के 10 केस दर्ज

# दोस्त को देसी कट्टा व 2 जिंदा रोंद उपलब्ध कराने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने देसी कट्टा व 2 जिंदा रोंद अपने दोस्त को उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तरुण दिल्ली के प्रहलादपुर जैतपुर का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथी सलीम उर्फ सेफी उर्फ बंटी को देसी कट्टा व 2 जिंदा रोंद उपलब्ध कराए थे। आरोपी तरुण से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी कट्टे को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में किसी व्यक्ति से वारदात के समय लोगो में डर बनाने के लिए 7000 रूपए में खरीद कर लाया था। आरोपी को सेक्टर-30 एरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर दिल्ली में



10 मामले चोरी, अवैध हथियार, लूट, योजना के तहत हत्या इत्यादि के दर्ज है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

---

नए कानून के अंतर्गत खेड़ीपुल में दर्ज दहेज हत्या केस

# पुलिस ने चिकित्सा बोर्ड से करवाया पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

बीते कल जिला फरीदाबाद के थाना खेडीपुल में नए कानून के अंतर्गत दहेज हत्या के संबंध में दर्ज पहली प्रथम सूचना रिपोर्ट में पुलिस द्वारा नए कानूनों के तहत चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड के माध्यम से मृतका जया शर्मा का सिविल अस्पताल फरीदाबाद में पोस्टमार्टम कराया गया।

पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर द्वारा बताया कि शिकायतकर्ता चंद्रभान वासी सेक्टर-2 पलवल द्वारा उसकी बेटी जया शर्मा की दहेज हत्या करने के बारे में शिकायत थाना खेड़ीपुल को प्रस्तुत की गई। जिसपर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत मौके का निरीक्षण करके मृतका के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल फरीदाबाद में रखवाया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर तुरंत प्रभाव से संबंधित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत की गई और आज मृतका जया शर्मा का चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड के माध्यम सिविल अस्पताल फरीदाबाद में पोस्टमार्टम कराया गया है।

मामले में जानकारी देते हुए बताया कि दहेज हत्या जैसे संगीन अपराध में चिकित्सा रिपोर्ट, तकनीकी साक्ष्यों तथा गवाहों के आधार पर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाती है।

---

# शलभ गोयल ने एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

शलभ गोयल (आईआरएसईई) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) का कार्यभार मंगलवार को अपना ग्रहण कर लिया। उन्होंने भारतीय रेलवे में विशिष्ट करियर के साथ विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य करने का समृद्ध अनुभव हासिल किया है।



गोयल, भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसईई) के 1989 बैच के अधिकारी हैं। आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक के साथ साथ उन्होंने आईआईटी दिल्ली से एनर्जी स्टडीज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की है। श्री गोयल ने 2 जुलाई 2024 को एनसीआरटीसी में कार्यभार संभाला है। एनसीआरटीसी का कार्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना को लागू करना है। इसका उद्देश्य बेहतर कनेक्टिविटी और पहुंच के माध्यम से संतुलित और टिकाऊ शहरी विकास सुनिश्चित करना है। वह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर एनसीआरटीसी में शामिल हुए हैं, जब संगठन पूरे 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर को निर्धारित समयसीमा के भीतर चालू करने के लिए तैयार है, जो एक बहुत ही जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजना है।

तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर में, गोयल ने कई चुनौतीपूर्ण कार्यभार संभाले हैं जैसे कि रेल मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक; मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम); मध्य रेलवे के मुख्य विद्युत लोकोमोटिव इंजीनियर; और एसडीजीएम/सीवीओ (पश्चिम रेलवे) आदि। डीआरएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कोविड-19 महामारी के चरम के बीच ट्रेन संचालन के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा आवश्यक सेवाओं की निरंतरता और यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

---

स्प्रिंग डेल्स स्कूल और देवप्रभा प्रकाशन का संयुक्त आयोजन

# महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन जयंती पर वाचन प्रतियोगिता आयोजित

वाचन करने वाले पांच विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल वसुंधरा और देवप्रभा प्रकाशन की ओर से महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन की कविताओं की तीसरी वाचन प्रतियोगिता में श्रेष्ठ वाचन करने वाले पांच विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वाचन प्रतियोगिता डॉ. कुंअर बेचैन के 83वें जन्मदिवस पर आयोजित की गई। विजेता बच्चों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र, पुस्तकें और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुस्तकें दी गईं।

विजेता बच्चों में विनय शर्मा प्रथम, पूर्विका पांडेय द्वितीय एवं अदिति सिंह को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सांत्वना




पुरस्कार पलक एवं मिली को प्रदान किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों के नाम सिल्की, आरुषी, सृष्टि, कशिश, निखिल, दिव्यांशी और सौरभ हैं। शिक्षाविद् आईएम पांडेय एवं शोभा सचान निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध कवि डॉ. चेतन आनंद ने इस अवसर पर अपने गुरु महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन के अनेक संस्मरण और कविताएं सुनाईं। इस बीच में कई बार वे भावुक भी हुए। स्प्रिंग डेल्स स्कूल के निदेशक उदय रस्तोगी, प्रबंधक डॉ. सुनील कुमार सिंह एवं प्रदीप शर्मा सहित दो शिक्षिकाओं ने भी डॉ. कुंअर बेचैन की कविताएं सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया।

---

मरने से पहले बनाया वीडियो, फिर चंद मिनटों में दे दी जान

# पुलिस ने 3 के खिलाफ दर्ज किया मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद के मुरादनगर में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने मरने से पहले एक वीडियो बनाया। इस वीडियो में मृतक ने रालोद नेताओं समेत तीन लोगों को मौत का जिम्मेदार बताया है। उधर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र की एवन कॉलोनी में युवक सलीम ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले युवक ने वीडियो बनाकर रालोद नेता सहित तीन लोगों को मौत का जिम्मेदार बताया।

**इंटरनेट पर वायरल हुआ वीडियो**

उसने मरने से पहले तीनों पर आत्महत्या करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर, पुलिस ने इस मामले में तीनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**गाजियाबाद में दबंगई का मामला दंपती को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा**

भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव अमराला में दबंगों ने दंपती को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट दिया। मामूली कहासुनी के बाद वारदात को अंजाम दिया गया। वहीं, मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित जयविंद्र के मुताबिक, वे दो दिन पहले पड़ोसी युवक के रुपये लौटाने के लिए गए थे। लेकिन रास्ते में ही उन्हें युवक मिल गया। वह शराब के नशे में था। जब वे युवक को रुपये देने लगे तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते नौबत मारपीट तक पहुंच गई।

## खबर संक्षेप

### जयाप्रदा पर दर्ज केस में फैसला 11 को



**रामपुर।** पूर्व सांसद एवं सिने तारिका जयाप्रदा नाहटा के खिलाफ दर्ज आचार संहिता के मामले में सोमवार को बहस पूरी हो गई। अदालत ने केस पर फैसले के लिए 11 जुलाई की तारीख तय की है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया गया था। इस केस की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को केस में अंतिम बहस थी।

### हिंदुओं पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी पर परिवाद



**मुजफ्फरपुर।** कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है। बीते सोमवार को संसद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को लेकर की गई टिप्पणी से आहत हिंदूवादी नेता देवयांशु किशोर ने परिवाद दायर कराया है। कोर्ट ने मामले को स्वीकार कर सुनवाई की तिथि 15 जुलाई 2024 को मुकर्रर की है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 302 और 356 (1) के तहत मामला दर्ज कराया है।

### गाय को बचाने में कार पेड़ से टकराई, 3 की मौत




**आगरा।** यहां बाह थाना क्षेत्र में बिजकौली के पास तेज रफ्तार कार गोवंश को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक एक ही गांव के थे। बाह थाना क्षेत्र के पुरा नीमडांडा गांव के तीन दोस्त विपिन की कार से बटेश्वर की तरफ से लौट रहे थे। बिजकौली के पास तेज रफ्तार कार गोवंश को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई।

## ठगी के लिए कई राज्यों में बैंक खाते

# रांची के शख्स से 1.4 करोड़ की धोखाधड़ी, आरोपी को पुलिस ने हैदराबाद से किया गिरफ्तार, दुबई तक जुड़े तार

धोखाधड़ी के इस मामले की जांच के दौरान एक ऐसे गिरोह का खुलासा हुआ जो धनराशि के ट्रांसफर को आसान बनाने के लिए कई राज्यों में दूसरों के नाम से बैंक खातों को खोलने और उन्हें संचालित करने में शामिल था।

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के आपराधिक जांच विभाग पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल एक व्यक्ति को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीआईडी की ओर से यह कार्रवाई 19 मई को रांची निवासी एक व्यक्ति द्वारा 1.4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई है।

सीआईडी ने अपनी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी) और तेलंगाना पुलिस के सहयोग से पुलिस ने गिरोह के प्रमुख सदस्य को तेलंगाना के हैदराबाद के रंगारेड्डी इलाके से गिरफ्तार किया, जो देश के विभिन्न राज्यों में दूसरे के नाम पर बैंक खाता खोलने और उनके संचालन में शामिल था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार करने के बाद कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

आरोपी की पहचान हैदराबाद जिले के सरूर नगर पुलिस थाना क्षेत्र व रंगारेड्डी जिले के निवासी मक्कीरेड्डी सुजीत कुमार (40) के रूप में हुई है।



### आकर्षक मुनाफे का लालच देकर लोगों को ठगा

जांच के दौरान, बैंक खातों से जुड़े वित्तीय धन के रिकॉर्ड और आईपी पते की पड़ताल की गई। लेन-देन के विवरण की मदद से इंटरनेट सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए सर्वर तक पहुंचने में मदद मिली, जिसका स्थान दुबई में था। कई राज्यों में दूसरों के नाम से बैंक खातों को खोलने और उन्हें संचालन में संलिप्त था
जांच में एक ऐसे गिरोह का खुलासा हुआ जो धनराशि के ट्रांसफर को आसान बनाने के लिए कई राज्यों में दूसरों के नाम से बैंक खातों को खोलने और उन्हें संचालित करने में संलिप्त था। इसमें कहा गया कि आरोपी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को झांसे में लेने के लिए निवेश से संबंधित वेबसाइटों के लिंक भेजे।
आकर्षक मुनाफे का लालच देकर उन्होंने लोगों को विभिन्न बैंक खातों में धन राशि जमा करने के लिए मजबूर किया।'

## घटना स्थल पहुंचे कई एडीजी और पुलिस कप्तान

# हाथरस भगदड़ हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख

एजेंसी ▶▶ हाथरस

उत्तर प्रदेश में बड़ा हादसा हो गया। यहां के हाथरस में एक सत्संग कार्यक्रम में भगदड़ मचने से कई लोगों की जान चली गई। इस पर सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम योगी ने कई लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडियो प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर दुख व्यक्त किया है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी हाथरस हादसे का जायजा लेने के लिए भेजा। घटना स्थल पर कई जोन के एडीजी और पुलिस कप्तानों का जमावड़ा लगा हुआ है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स हेंडल पर लिखा कि हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, संदीप सिंह घटना स्थल पहुंचे हैं। यूपी के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम योगी ने कई लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडियो प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर दुख व्यक्त किया है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी हाथरस हादसे का जायजा लेने के लिए भेजा।

**खास बातें**

- युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश
- डीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश



### एलआईयू ने पहले ही जताई थी हादसे की आशंका

अफसरों को पहले ही चेताया गया था। इसके बाद भी कोई एक्शन न लिया गया और इतना बड़ा हादसा हो गया। सत्संग में जरूरत से ज्यादा पहुंची भीड़ को देखकर एलआईयू ने अफसरों को सौंपी रिपोर्ट में किसी बड़ी घटना होने का अंदेशा जता दिया था, इसके बाद भी अफसर मौन साधे बैठे रहे। गौरतलब है कि हाथरस में घटना स्थल पर एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ पहुंची हैं। साथ ही हाथरस के आसपास के जिलों के कप्तान को एडीजी ने दिशा निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कासगंज, एटा, हाथरस, अलीगढ़ के पुलिस कप्तानों को भी पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

**समागम की परमिशन थी, सुरक्षा लगाई गई थी**

समागम की परमिशन एसडीएम की तरफ से दी गई थी। यह निजी आयोजन था। इसमें पूरी ड्यूटी कानून व्यवस्था और सुरक्षा की लगाई गई थी। अंदर की व्यवस्था उन लोगों के द्वारा की जानी थी। एक उच्चस्तरीय टीम जांच कर रही है। जांच में अन्य बातें सामने आ जाएंगी।

**कलेक्टर, हाथरस**

## योगी आदित्यनाथ कैबिनेट का फैसला

# सेवा से बाहर नहीं होंगे तदर्थ शिक्षक मिलेगा मानदेय, गार्ड का बढ़ेगा भत्ता

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के तदर्थ शिक्षकों को मानदेय पर रखने की सहमति कैबिनेट ने दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नवंबर 2023 में सेवा से हटाए गए 2254 तदर्थ शिक्षकों को कैबिनेट ने अस्थायी रूप से मानदेय पर रखे जाने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। कैबिनेट ने एडेड माध्यमिक विद्यालयों में अस्थायी रूप से मानदेय शिक्षक रखे जाने की प्रक्रिया व कार्य शर्त को मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली हैं, इसका असर शिक्षण कार्य पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सेवा से हटाए गए 2254 शिक्षकों को अस्थायी तौर पर 25 हजार और 30 हजार रुपए मानदेय पर रखने का निर्णय लिया गया है।

सीएम व राज्यपाल के यहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड के प्रोत्साहन भत्ते और व्यवसायिक शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि से संबंधित वेतन समिति की सिफारिशों को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सीएम व राज्यपाल के यहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड का प्रोत्साहन भत्ता 12,500 से बढ़ाकर मूल वेतन का 50 फीसदी और अधिकतम 22 हजार कर दिया गया है।

### खेती में होगा नवाचार, शुरू होगा स्टार्टअप

प्रदेश के किसानों एवं खेती से जुड़े कारोबार को बढावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में कई नवाचार किए जाएंगे और स्टार्टअप भी शुरू होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार एग्रीटेक नीति 2024 बनाने जा रही है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की ओर से एग्रीस्टैक की पहल की गई है। इसके तहत खेती से जुड़े सभी आंकड़ें आनलाइन किए जा रहे हैं। डिजिटल फसल सर्वेक्षण के जरिए डाटाबेस तैयार किया गया है। किसान कार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। ऐसे में सरकार की ओर से एग्रीटेक नीति 2024 तैयार की जाएगी।

## पेज एक का शेष

### मौत से सत्संग...

सत्संग में 80 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी। हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई गई है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

**50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने रोक लिया था:** एक खेत में साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने दो बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया।

### एक बालक 99 ...

में किसी के भी गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। इसलिए आज देश इनसे कह रहा है, 'तुमसे न हो पाएगा'। कांग्रेस और उसका तंत्र आजकल 'बच्चे' का मन बहलाने में लगे हैं। कांग्रेस और उसका ईकोसिस्टम दिन रात हिंदुस्तान के नागरिकों के मन में ये स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने हमें हरा दिया है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस से कहा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ, ईमानदारी से जनादेश को समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस अब 'परजीवी कांग्रेस' के नाम से जानी जाएगी क्योंकि वह जिससे गठबंधन करती है तो उसी का वोट खा जाती है।

**अग्निवीर, हिंसक हिंदू व तुष्टिकरण पर भी कांग्रेस को घेराः** - कल(सोमवार को) अग्निवीर को लेकर सदन में झूठ बोला गया। कल ये झूठ बोला गया कि एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। इसके पीछे इरादे नेक नहीं बल्कि गंभीर खतरे के हैं। इन लोगों का झूठ हमारे देश के नागरिकों की विवेक बुद्धि पर तमाचा मारने की निर्लज्ज हरकत है। ये कहा गया कि हिंदू हिंसक होते हैं। ये आपके संस्कार है? ये आपका चरित्र, आपकी सोच, आपकी नफरत है? इस देश के हिंदुओं के साथ ऐसे कारनामे? ये देश शताब्दियों तक इसी भूलने वाला नहीं है। कुछ दिन पहले हिंदुओं में जो शक्ति की परंपरा है, उसे बर्बाद करने की कोशिश की गई। ये देश शक्ति की पूजा करता है और आप उस शक्ति का विनाश करने की बात करते हैं? इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी है, लेकिन हम तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं।

यह एक चौपाई भी पढ़ी :
**झूठइ लेना झूठइ देना, झूठइ भोजन झूठ चबेना।**
**बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा, खाइ महा अहि हृदय कठोरा॥**

- अर्थात, उनका झूठा ही लेना और झूठा ही देना होता है। झूठा ही भोजन होता है और झूठा ही चबेना होता है।

**शोले का डायलॉग भी बोला :**
**ऐ मौसी, 13 राज्यों में जीरो सीटें, पर हीरो तो है...**

- आप सबको शोले फिल्म की मौसी जी याद होंगी। तीसरी बार ही तो हारे हैं लेकिन मनोबल ऊंचा है। अरे, मौसी 13 राज्यों में जीरो सीटें आई हैं लेकिन हीरो तो है न..। अरे मौसी पार्टी की लुटिया तो डुबोई है..मौसी अभी पार्टी तो सांसें ले रही है।

### 18वीं लोक सभा का...

बार अध्यक्ष चुने जाने पर आभार व्यक्त किया। 26 जून को ही प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन में मंत्रिपरिषद का परिचय भी कराया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 जून को समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। राहुल गांधी की नेता प्रतिपक्ष के रूप में नियुक्ति को 27 को लोक सभा में घोषित किया गया।

बिरला ने सदन को सूचित किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 18 घंटे से अधिक समय तक चली और 68 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, 50 सदस्यों ने अपने अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे। 2 जुलाई, 2024 को प्रधान मंत्री के उत्तर के पश्चात प्रस्ताव पारित हुआ और चर्चा समाप्त हुई। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि नियम 377 के तहत कुल 41 मामले उठाए गए, निर्देश 73(क) के तहत 03 वक्तव्य दिए गए और सत्र के दौरान 338 पत्र सभा पटल पर रखे गए।

### प्रधानमंत्री के 'सुरक्षित...

अस्ताना की यात्रा करेंगे। ज्ञात हो कि एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुपस्थिति के बावजूद पाकिस्तान, रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो सकते हैं। ऐसे में यह संभावना बनी हुई है कि भारत के विदेश मंत्री की विदेशी राष्ट्रप्रमुखों या अपने समकक्ष विदेश मंत्रियों के साथ सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बातचीत हो सकती है।

**एससीओ की अध्यक्षता कर रहा कजाकिस्तानः** मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष कजाकिस्तान एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है और वहां समूह राष्ट्राध्यक्षों की 24वीं महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। इसमें अफगानिस्तान के हालात, यूक्रेन संघर्ष और एससीओ देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के मामले पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भारत की समूह के लिए प्राथमिकता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सिक्योर' विजन पर ही आधारित रहेगी।

### मैत्री युद्धाभ्यास ...

**मेघालय में होगा नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यासः** उधर, भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच बुधवार से मेघालय के उमरोई में नोमैडिक एलिफेंट युद्धाभ्यास होगा। इस वर्ष इसका 16 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह युद्धाभ्यास 3 से 16 जुलाई तक चलेगा। युद्धाभ्यास में दोनों सेनाएं संयुक्त राष्ट्र के मानकों के हिसाब से अर्ध शहरी और पहाड़ी इलाकों में परंपरागत अभियानों के संचालन का अभ्यास करेंगी।

## 22 महीने बाद उतारेंगे मुरैठा

# काफिले के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी अयोध्या रवाना



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी 22 महीने बाद बुधवार (तीन जुलाई) को अपना मुरैठा अयोध्या में हटाएंगे। इसके लिए डिप्टी सीएम सरकार के मंत्री और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ अपना काफिला लेकर पटना से रवाना हो चुके हैं। इस दौरान जब वो अपने काफिले के साथ गोपालगंज पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जहां सम्राट चौधरी ने कहा कि 28 जनवरी 2024 को ही ऐलान कर दिया था कि अयोध्या जाएंगे।

**बिहार के विकास के लिए करेंगे प्रार्थना**

डिप्टी सीएम ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया और भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से फिर से मुख्यमंत्री बने, उसी दिन हमने ऐलान कर दिया था कि अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के चरणों में मुरैठा को समर्पित करेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विकसित हो, आगे बढ़े इसके लिए वे प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार के 40 में 30 सीटें एनडीए जीती है, इसके लिए बिहार की जनता बधाई के पात्र है। उन्होंने गोपालगंज में वृक्षारोपण भी किया।

## 65 प्रतिशत किया था रिजर्वेशन

# बिहार आरक्षण कानून रद्द करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची नीतीश सरकार

एजेंसी ▶▶ पटना



पटना हाईकोर्ट द्वारा बिहार आरक्षण कानून रद्द करने के फैसले के खिलाफ नीतीश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। नीतीश सरकार ने ईसीबी, ओबीसी, एससी, एसटी का आरक्षण 50 से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दिया था। अब नीतीश सरकार ने पटना हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बिहार सरकार ने वकील मनीष सिंह के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार ने पिछले साल जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर ईबीसी, ओबीसी, दलित और आदिवासी का आरक्षण बढ़ाकर 65 परसेंट कर दिया था। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (सवर्ण) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर बिहार में नौकरी और दाखिले का कोटा बढ़कर 75 प्रतिशत पर पहुंच गया था। जिसके बाद कई संगठनों ने हाईकोर्ट में बिहार आरक्षण कानून को चुनौती दी थी। 20 जून को पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली दो जजों की बेंच ने बिहार आरक्षण कानून को संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के खिलाफ बताते हुए रद्द कर दिया है।

जिसके बाद खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही थी।

## लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पर्यावरण प्रोटोकॉल का उल्लंघन

# खुले में पेशाब कर रहा था कलेक्ट्रेट का कर्मचारी तभी आ धमके कलेक्टर साहब, मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मधेपुरा जिले में खुले में पेशाब करना एक सरकारी कर्मचारी को भारी पड़ गया। इस मामले में उसे नोटिस भेजा गया है। और अगर 24 घंटे में स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ये मामला मधेपुरा के जिला कलेक्ट्रेट का है। जहां ऑफिस अटेंडेंट नंदन कुमार को सरकारी आवासीय परिसर में खुले में पेशाब करते वक्त डीएम विजय प्रकाश मीणा ने देख लिया। घटना 27 जून की बताई जा रही है।

### स्वच्छ भारत मिशन के नियमों को तोड़ा



जिसके बाद स्वच्छ भारत मिशन और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पर्यावरण प्रोटोकॉल का उल्लंघन और खुले में पेशाब करने के आरोप में नोटिस जारी किया गया है। मधेपुरा कलेक्ट्रेट में जिला गोपनीय शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज कुमार घोष द्वारा जारी किए गए लेटर में कहा गया है कि इससे संभावित स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा हुआ है। साथ ही सरकारी आवासीय क्षेत्र में इस तरह के व्यवहार में शामिल होकर, आपने न केवल पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन किया है बल्कि स्वच्छ भारत मिशन के नियमों को तोड़ा है।

### सेवा संहिता के प्रावधानों के विपरीत आचरण

खुले में पेशाब करने के मामले में जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि नंदन कुमार की हरकतें बिहार सेवा संहिता के प्रावधानों के विपरीत थीं। उन्हें नोटिस मिलने के 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

### वायरल वीडियो में आ रहे तरह-तरह के कमेंट्स

नोटिस की प्रतियां मधुपुरा जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों और कर्मचारियों को सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए जारी की गईं है। इसके अलावा, औपचारिक रिकॉर्ड और आगे के निर्देशों के लिए एक कॉपी डीएम को भेज दी गई है। हालांकि डीएम विजय प्रकाश मीणा ने इस रिपोर्ट के दाखिल होने तक न तो फोन कॉल का जवाब दिया और न ही व्हाट्सएप संदेशों का जवाब दिया। इस बीच, मधेपुरा जिला प्रशासन द्वारा संबंधित कर्मचारियों को दिया गया स्पष्टीकरण पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और कई तरह के कमेंट्स भी सामने आ रहे हैं।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।



लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।

हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।



# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है, जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।




# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज़ हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।


विधानसभा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ।



सदन में प्रवेश से पहले कांग्रेस सदस्यों के पेंपलेट निकालता सुरक्षाकर्मी।


सीएम का स्वागत करते संसदीय कार्य मंत्री और नेता प्रतिपक्ष।


सदन में मंत्री तोमर भी पहुंचे।

### कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते पहले ही दिन एक घंटे तक बाधित रही विधानसभा की कार्यवाही

# नर्सिंग घोटाले को लेकर जोरदार हंगामा, अध्यक्ष ने दिया चर्चा कराने का आश्वासन, तब हुए शांत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की कार्यवाही लगभग एक घंटे के लिए स्थगित रही। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सरकार और विपक्ष की बातें सुनने के बाद कहा कि वे इस मुद्दे पर मंगलवार को उचित नियम के तहत चर्चा करवाएंगे। स्पीकर के आश्वासन के बाद सदस्य शांत हो गए और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी।

सदन में कांग्रेस सदस्यों के हंगामें व कार्य सूची के विषय पर कार्यवाही पूरी होने के बाद स्पीकर तोमर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार को सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। मामले में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार सदन में चर्चा से भाग नहीं रही है। इस मामले में स्थगन की बजाय ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है। इसके पहले सत्तारूढ़ दल भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों के बीच काफी देर तक नोंकझोंक होती रही।



**सिंघार की मांग पर विजयवर्गीय ने दर्ज कराई आपत्ति**

इससे पहले सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नर्सिंग घोटाले को उठाते हुए चर्चा कराने की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने औचित्य का प्रश्न उठाते हुए इस पर आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि यह मामला न्यायिक प्रक्रिया में है और इस पर चर्चा नहीं हो सकती है। इस कथित घोटाले के विरोध में कांग्रेस के ज्यादातर सदस्य सदन में चिकित्सकों की तरह सफेद कोट पहन कर पहुंचे थे।

### नियम और प्रक्रिया से चलता है सदन

*विजयवर्गीय ने कहा कि सदन नियम, प्रक्रियाओं और परंपराओं से चलता है। पुरानी भी बहुत सारी परंपराएं हैं। स्थगन के पीछे भी जो आपात स्थिति होती है और वह जो भावना होती है। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों पक्षों की बात को सुनी है। स्पीकर के आश्वासन के बाद मामला शांत हो गया।*

### विधानसभा की कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक संपन्न

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा भवन में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बजट सत्र के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय हुआ कि सदन सुचारू रूप से चलाया जाए। ताकि जनता के मुद्दों पर अधिक से अधिक काम हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, सुश्री मीना सिंह मांडवे, राजेंद्र भारती, यादवेंद्र सिंह, लखन घनघोरिया, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद थे। इसके पूर्व विधानसभा सत्र के पहले दिन अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उप मुख्यमंत्री देवडा, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर वरिष्ठ विधायक भार्गव भी मौजूद थे।

### विधानसभा में निधन के उल्लेख में रखा दो मिनट का मौन, मुनि विद्यासागर जी को दी सदस्यों ने विनम्र श्रद्धांजलि

**भोपाल।** विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा सदस्यों के निधन का उल्लेख करते वक्त भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सबसे पहले स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदन ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैन मुनी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के निधन से देश ने एक सुप्रसिद्ध संत, आध्यात्मिक गुरू, चिंतक और विचारक खो दिया है। उन्होंने अन्य दिवंगत सदस्यों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भूतपूर्व विधानसभा सदस्य हर्ष सिंह, चन्द्रप्रभाष शेखर, विजय दुबे, मकसूदनलाल चन्द्राकर, शांतिलाल बिलवाल, बेनी परते, जसवंत सिंह राठौर, मदनलाल त्यागी, विट्ठलराव महाले, उत्तरप्रदेश के पूर्व राज्यपाल डॉ. अजीत कुरैशी, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष डॉ. मनोहर जोशी, आतंकी हमलों और ड्यूटी पर शहीद जवानों तथा डिण्डौरी जिले के बड़झर घाट के पास वाहन दुर्घटना में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हुए छिंदवाड़ा जिले के कांस्टेबल कबीर दास उईके व विक्की पहाड़े की शहादत को भी नमन किया। उन्होंने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना में सूबेदार अनिल सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डिण्डौरी जिले के शहपुरा के बरझर घाट के पास हादसे में यात्रियों की मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला तथा अन्य सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम ने की नेता प्रतिपक्ष के बयान की भर्त्सना

## हिंदुओं को हिंसक बताना राहुल गांधी की कुत्सित मानसिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



लोकसभा में राहुल गांधी के विवादित बयान को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी के बयान कि घोर भर्त्सना करता हूं। डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर के अंदर नेता प्रतिपक्ष ने जिस प्रकार से हिंदू समाज को लज्जित करने का बयान दिया है, हिंदुओं को हिंसक बताना उनके कुत्सित मानसिकता के परिचायक के रूप में सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के अंदर भारत दुनिया का एक मात्र देश है, जहां हिंदुओं की सबसे बड़ी आबादी है। उस देश के अंदर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अगर हिंदुओं को इस ढंग से लज्जित करेंगे तो देश कैसे बर्दाश्त कर सकता है? इस बात को लेकर पूरे देश में उबाल है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को नाक रगड़कर माफी मांगना चाहिए। मुझे गर्व है कि मैं हिंदू हूं.. हर कोई जो हिंदू है वो हिंदू होने पर गर्व करता है।

### नई न्याय व्यवस्था के लिए पीएम का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज एक जुलाई का दिन महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय से चले आ रहे तीन कानूनों को बदलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई व्यवस्था का क्रियान्वयन शुरू हो रहा है। इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रदेश में परिवहन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। प्रदेश के नाकों में गुजरात पैटर्न पर चैक-पोस्ट संबंधी नई व्यवस्था लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित कैबिनेट बैठक से पहले संबोधन में यह बात कही।

डॉ. यादव ने कहा कि देश में भारतीय न्याय पद्धति और अवधारणा तथा पंच परमेश्वर की परम्परा के आधार पर न्याय व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी बधाई के पात्र हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चार सौ घंटे के परिश्रम व बैठकों तथा व्यापक विचार-विमर्श के बाद नए कानूनों के प्रारूपों को अंतिम रूप प्रदान किया है।

अब भारतीय दंड संहिता को हमारी न्याय परम्परा से जोड़ते हुए न्याय संहिता कहा जाएगा।

### कुलपति होंगे कुलगुरु इस शब्द में सम्मान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों के कल्याण और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। निरंतर लिए जा रहे ऐसे फैसलों से विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था से जुड़े आवश्यक सुधार भी हो रहे हैं, इस क्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू का संबोधन देने का निर्णय लिया गया। इस संबोधन में आत्मीयता, स्नेह और सम्मान का भाव भी निहित है। कैबिनेट की ओर से इन निर्णय का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि जुलाई माह में ही गुरू पूर्णिमा पर्व भी आ रहा है। मप्र में कुलपति को कुलगुरू बनाने के निर्णय के संबंध में अन्य राज्यों की ओर से भी जिज्ञासा व्यक्त करते हुए इस निर्णय का प्रारूप चाहा गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश में गोवध की मंशा से गौवंश के परिवहन का अवैध कृत्य करने वाले वाहन कई बार कोर्ट से छूट जाते हैं। नियमों के उल्लंघन पर पकड़े गए वाहनों के प्रकरण में वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। वाहन जब्त होंगे, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

## सीएम से मिला अधिवक्ता परिषद का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुप्ता ने बार कॉउंसिल एवं प्रदेश के अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह, सह अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी और राजेश व्यास उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र भी सौंपा।

## सुनने वाले और सुनाने वाले में सामंजस्य हो तो न्याय मिलना आसान होगा: सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यदि सुनने वाले और सुनाने वाले व्यक्तियों के बीच समन्वय हो जाए तो लोगों को न्याय मिलना आसान हो जाएगा। अधिकार एवं कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पूरी ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयास होना चाहिए। यह बात सहकारिता एवं खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने मप्र राज्य सहकारी अधिकरण के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही। सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



सहकार से समृद्धि के नारे को सफल बनाने की जवाबदारी केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह जी को सौंपकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

## राहुल ने कभी संसद पर हमला करने वालों का धर्म नहीं बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसद में दिए हिंदू धर्म पर अमर्यादित बयान देने पर कड़ी प्रतिक्रिया की है। उन्होंने कहा कि राहुल ने कभी संसद पर हमला करने वालों का धर्म नहीं बताया। बम बांधकर फटने वालों का धर्म नहीं बताया। आज करोड़ों हिंदुओं को हिंसक कहने लगे हैं। यह पहली बार



नहीं है जब राहुल गांधी ने सनातन और हिन्दुओं के खिलाफ नफरती बोल बोले हों। अग्रवाल ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसा बयान बर्दाश्त नहीं करेगा।

### बूथ जीता, चुनाव जीता के संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाएं कार्यकर्ता

## हर बूथ पर जनता से संपर्क करें और गरीब कल्याण की योजनाएं के बारे में भी बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा के छिंदी, बटकाखापा और हरई मंडल के शक्ति केन्द्रों के संयोजकों, प्रभारियों व प्रवासी कार्यकर्ताओं और चुनाव अभिकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अमरवाड़ा उपचुनाव में जीत का इतिहास रचेगी।

उन्होंने अभिकर्ताओं को गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा के योद्धा हैं, यही मतदान के दिन सबसे महत्वपूर्ण समय में मतदान केंद्रों पर एक योद्धा की तरह लगे रहते हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं

**प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद बोले-अमरवाड़ा में जीत दर्ज करेगी भाजपा**



से छिंदवाड़ा की जनता लाभान्वित हुई है। प्रधानमंत्री के प्रति छिंदवाड़ा की जनता का अटूट विश्वास है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत सहित सैकड़ों जनहितकारी योजनाओं ने इस क्षेत्र की जनता का दिल जीता है। यही मतदाता अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को अपना आशीर्वाद प्रदान करके ऐतिहासिक विजय दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पन्ना और बूथ समितियों को और मजबूती प्रदान कर सक्रियता बढ़ाकर घर-घर जनता से संपर्क कर पगरीब कल्याण योजनाएं बताएं।

## निजी बैंक की असिस्टेंट मैनेजर ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर में निजी बैंक की असिस्टेंट मैनेजर ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी पति वर्तमान में 102 महतारी एक्सप्रेस का सरगुजा जिले में को-आर्डिनेटर है। असिस्टेंट मैनेजर ने 8 साल पहले प्रेम विवाह किया था। महिला असिस्टेंट मैनेजर ने बताया कि करीब 4 साल से पति उसे प्रताड़ित कर रहा था। उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।रामानुजगंज निवासी सुषमा शर्मा (25) ने करीब आठ वर्ष पूर्व पुसौर रायगढ़ निवासी प्रदीप शर्मा के साथ प्रेम विवाह किया था।

## दुधमुंही बच्ची का कुएं में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर में करीब एक माह की दुधमुंही बच्ची की कुएं में लाश मिली है। बताया जा रहा है कि बच्ची घर में मां के साथ सो रही थी, लेकिन दो दिन पहले आधी रात को रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। इस पर परिजन हैरानी भरी बातें कहते रहे। वे भूप-प्रेत पर बच्ची को उठा ले जाने की आशंका जता रहे थे। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक बच्ची की मां देर रात करीब 2 बजे उसे दूध पिलाने के लिए उठी, तो बच्ची को बिस्तर पर न पाकर घबरा गई। इसके बाद उसने अपने पति और परिवार के दूसरे सदस्यों को इसकी जानकारी दी। बच्ची के बारे में पूछताछ करने लगी, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | आवृति/ चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 09425 | साबरमती बीजी | हरिद्वार जं. | सोम, शुक्र | 14.06.2024 | 11.07.2024 से 31.07.2024 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | साबरमती बीजी | मंगल, शनि | 15.06.2024 | 11.07.2024 से 31.07.2024 |
| 09195 | वडोदरा जं. | मऊ जं. | शनिवार | 29.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09196 | मऊ जं. | वडोदरा जं. | रविवार | 30.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09417 | अहमदाबाद | दानापुर | सोमवार | 24.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09418 | दानापुर | अहमदाबाद | मंगलवार | 25.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09557 | भावनगर टं. | दिल्ली कैंट | शुक्रवार | 28.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | भावनगर टं. | शनिवार | 29.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09405 | साबरमती बीजी | पटना जं. | मंगलवार | 25.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09406 | पटना जं. | साबरमती बीजी | वीरवार | 27.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09097 | बान्द्रा टं. | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | रविवार | 30.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | बान्द्रा टं. | मंगलवार | 02.07.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09525 | हापा | नाहरलगुन | बुधवार | 26.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | हापा | शनिवार | 29.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09183 | मुम्बई सेन्ट्रल | वाराणसी | बुधवार | 26.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09184 | वाराणसी | मुम्बई सेन्ट्रल | शुक्रवार | 28.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | ह.निज़ामुद्दीन | शुक्र, रवि | 30.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09310 | ह.निज़ामुद्दीन | इंदौर जं. | सोम, शनि | 01.07.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09075 | मुम्बई सेन्ट्रल | काठगोदाम | बुधवार | 26.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09076 | काठगोदाम | मुम्बई सेन्ट्रल | वीरवार | 27.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09189 | मुम्बई सेन्ट्रल | कटिहार | शनिवार | 29.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09190 | कटिहार | मुम्बई सेन्ट्रल | मंगलवार | 02.07.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09523 | ओखा | दिल्ली सराय रोहिल्ला | मंगलवार | 25.06.2024 | 31.07.2024 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | ओखा | बुधवार | 26.06.2024 | 31.07.2024 तक |

नोटः रेलगाड़ी सं. 09425/09426 साबरमती बीजी–हरिद्वार–साबरमती बीजी विशेष में अब 3 टियर वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के डिब्बे भी संयोजित किए गए हैं।

शेष पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1993/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### नए कानून पर सभी पुलिस अधिकारी एक राय

## नया कानून वर्तमान परिवेश के हिसाब से प्रासंगिक, सभी को मिलेगा नए कानून का सीधा लाभ: पुलिस आयुक्त मिश्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नवीन कानूनों में पुलिस अधिकारियों की लगभग एक सी राय है। अफसरों का कहना है कि नया कानून बहुत कुछ बदलाव लाने वाला है। भोपाल के पुलिस आयुक्त हरीनारायणचारी मिश्र से बात की गई तो उन्होंने नवीन कानूनों को वर्तमान परिवेश के हिसाब से प्रासंगिक बताया। उनका कहना है कि नया कानून पुलिस को ऑर्गनाइज्ड क्राइम से लड़ने में मजबूत करेगा।

### महिलाओं एवं बच्चों के लिए सुरक्षित



भोपाल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि नवीन कानूनों में महिला और बच्चों के अपराध को लेकर सख्ती की गई है। इससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुख्ता हो सकेगी।

### अंग्रेजों के कानूनों से मिली मुक्ति



नए कानून लागू होने से भारत की न्याय प्रणाली आईपीसी के तहत अंग्रेजों द्वारा बनाए गए औपनिवेशिक कानूनों से मुक्त हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह अमित शाह को हम धन्यवाद देंगे कि उन्होंने मंथन कर, यह बदलाव किया है। **रामेश्वर शर्मा, विधायक**

### सेक्शन 111 और 112 में आजीवन कारावास तक की सजा



भोपाल के पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल का कहना है कि नवीन कानून संगठित गिरोह का खुलासा करने में मददगार है। माफियाओं पर सख्ती से एक्शन लिया जा सकेगा।

### अब नहीं लगाने पड़ेंगे थाने के चक्कर



अब कोई व्यक्ति पुलिस स्टेशन जाने की बताए, इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। कोई भी व्यक्ति क्षेत्राधिकार की परवाह किए बिना किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर सकता है। **भगवानदास सबनानी**, मंत्री

## चिंतन

# भाजपा और संघ पर हिंसा फैलाने के आरोप निराधार

हिंदू और हिंदुत्व को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में सत्ताधारी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर जो भी आरोप लगाए, वह असंसदीय है, विद्वेषपूर्ण है और अमर्यादित है। राहुल बेशक कह रहे हों कि 'हिंदू हिंसक नहीं हो सकता, लेकिन भाजपा व आरएसएस के लोग देश में हिंसा फैलाते हैं, नफरत फैलाते हैं', तो ये निराधार आरोप हैं। संघ 1925 से देश में है, कभी भी संघ के चलते कहीं हिंसा नहीं फैली, उल्टे हिंसा फैलने पर, पीड़ितों के कल्याण के लिए काम किया। संघ देश में हिंदुओं को जोड़ने का काम कर रहा है, सनातन संस्कृति का संवर्धन कर रहा है, भारत की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा कर रहा है, अखंड भारत का सपना देख रहा है, भारतीयता को सिंचित कर रहा है। कांग्रेस करीब पांच दशक तक सत्ता में रही, कभी भी कांग्रेस सरकार ने संघ के लिए हिंसा फैलाने जैसा आरोप नहीं लगाया और न ही इसको लेकर कभी कोई कार्रवाई की। यही बात जनसंघ और भाजपा को लेकर भी है। भाजपा देश में राष्ट्रीय एकता व अखंडता, संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता, समावेशी मानवता का हिंदुत्व विचारधारा, सबको साथ लेकर चलने वाली दृष्टि के साथ काम कर रही है। करीब 16 वर्ष से अधिक समय तक भाजपा नीत सरकार देश में रही है, कभी भी भाजपा शासन पर हिंसा करने, कराने के आरोप नहीं लगे, इसके बावजूद राहुल गांधी भाजपा व संघ पर हिंसा फैलाने का आरोप मढ़े, तो यह तथ्यों को नकारना है। राहुल गांधी संघ, भाजपा व मोदी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हैं, पर असल में उनके संबोधन, भाषण व वक्तव्य मोदी, भाजपा व संघ के प्रति नफरत का भाव से भरे रहते हैं। वे हार की हताशा व राजनीतिक आवेश में पता नहीं कितनी बार संघ व मोदी के प्रति नफरत के भाव को व्यक्त कर चुके हैं। राहुल गांधी अगर राजनीति भी कर रहे हों, तो यह अच्छी राजनीति भी नहीं है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल को राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन अभिभाषण में कही गई बातों के दायरे में ही है, विषयान्तर होकर मोदी, भाजपा व संघ पर बरसना भड़ास निकालने जैसा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में कांग्रेस के कामकाज, कांग्रेस का अतीत, राहुल गांधी के राजनीतिक आरोप का बखूबी जवाब दिया है, लेकिन भाजपा नीत राजग सरकार को अनुत्पाद मसलों में उलझने के बजाय अपने कामकाज पर फोकस करना चाहिए। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि राजस्थान में टेलर कन्हैया लाल का सरेदिन सिर किसने कलम किया, कश्मीर में दहशतगर्द कौन हैं, जिसका सामना कांग्रेस सरकार को भी करनी पड़ी, आतंकी संगठन हमास के पक्ष में देश में जुलूस कौन निकाल रहा है, मुंबई में ताज पर हमले करने वाले कौन लोग थे, देश में अनगिनत आतंकी हमले में लिप्त कौन लोग थे, ग्यारहवीं शताब्दी में भारत में लुटेरे कौन आए थे, उन विदेशी लुटेरों ने हिंसा किसके साथ की? भारत में मंदिर, बौद्ध स्तूप किसने तोड़े, मुस्लिम शासकों ने अत्याचार किसके खिलाफ किया? ऐसे हजारों अनगिनत प्रश्न हैं, जिनमें हिंदू ही पीड़ित हैं। राहुल गांधी के नैरेटिव तुष्टिकरण बढ़ाने वाले हैं। भाजपा-संघ से राहुल के वैचारिक, राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा व नफरत फैलाने के आरोप विपक्ष के नेता पद की गरिमा के विरुद्ध है। हाल के दशकों में नेताओं की भाषा का स्तर गिरा है, दलों के बीच वैचारिक मतभेद के बजाय मनभेद बढ़े हैं, सत्ताधारी व विपक्षी दलों के नेताओं के बीच आपसी सम्मान कम हुआ है, यह स्थिति बदलनी चाहिए।



# राहुल की नई भूमिका चुनौतीपूर्ण

विश्लेषण
राज कुमार सिंह

राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका स्वीकार की है। राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा।

नेता प्रतिपक्ष बनकर राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक सफर के एक नये चरण की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जो शायद उनके और कांग्रेस के लिए निर्णायक साबित होगा। नेहरू परिवार का राजनीतिक वारिस बनकर लोकसभा सांसद और फिर कांग्रेस अध्यक्ष बनना उनके राजनीतिक सफर का पहला चरण था। भारत जोड़ो यात्राओं के जरिये देशभर में संपर्क और संवाद से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंक कर पार्टी समेत विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन में योगदान दूसरा चरण रहा। तमाम कोशिशों के बावजूद फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए राजी न होने वाले राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका अपने लिए स्वीकार कर ली है। इन चुनावों में कांग्रेस 52 से बढ़ कर 99 लोकसभा सीटों तक पहुंच गई तो 'इंडिया' गठबंधन 234 तक। पिछले दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, इसलिए पिछली दो लोकसभाओं में अकेले दम बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बहुमत के आंकड़े से भी 32 सीटें कम रह गई और नरेंद्र मोदी सरकार के अनेक मंत्री भी चुनाव हार गए। बेशक भाजपा की अगुवाई वाले राजग को बहुमत मिल गया और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। नई सरकार राजग की है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल गठन से लेकर लोकसभा स्पीकर चुनाव तक हर कदम से मोदी ने संदेश यही दिया है कि वह अब भी पहले जितने ही मजबूत हैं। डिप्टी स्पीकर पद के लिए भी वह विपक्ष के दबाव में आते नहीं दिखते।

शायद यह नरेंद्र मोदी की राजनीतिक शैली भी है कि वह कमजोर दिखते हुए कोई काम नहीं करते, लेकिन उससे यह हकीकत नहीं बदल जाती कि इस बार मजबूत विपक्ष को नजरअंदाज कर पाना आसान नहीं होगा। नव निर्वाचित लोकसभा के पहले सत्र के दौरान यह एहसास कराने का कोई मौका विपक्ष चूक भी नहीं रहा। दोनों के बीच जैसे रिश्ते रहे हैं, राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना भी मोदी के लिए सुखद नहीं कहा जा सकता। एक टीवी इंटरव्यू में 'कौन राहुल' कह कर कटाक्ष करने वाले मोदी को उन्हीं राहुल से हाथ मिलाना पड़ा, जब नव निर्वाचित स्पीकर ओम बिड़ला को उनके आसन तक ले जा रहे थे। अब तो ऐसे मौके बार-बार आएंगे, जब प्रधानमंत्री को नेता प्रतिपक्ष से मिलना पड़ेगा और उनकी बात भी सुननी पड़ेगी। संसदीय लोकतंत्र का यही तकाजा है और उसकी ताकत भी। 2004 में पहली बार लोकसभा सांसद बने राहुल बीस साल बाद 2024 में पहली बार कोई संवैधानिक पद स्वीकारने को तैयार हुए। 2004 से 2014 के बीच उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में मंत्री बनाने की कोशिश की गई, पर वह नहीं माने। नेता प्रतिपक्ष बनना राहुल गांधी की विपक्ष में बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण भी है। खुद कांग्रेस में जी-23 जैसे गुट जिनके नेतृत्व पर सवाल उठाते थे, उन्हें 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों ने नेता प्रतिपक्ष के लिए चुना, पर नेता प्रतिपक्ष बन जाने से राहुल गांधी के एक नये, मगर बेहद चुनौतीपूर्ण



राजनीतिक सफर की शुरुआत होगी, जिसे उनकी 'अग्नि परीक्षा' भी कह सकते हैं। उन्होंने जिस तरीके से 18वीं लोकसभा के पहले व छोटे सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी, भाजपा व संघ पर हिसा व नफरत फैलाने का आरोप लगाया है, वह उनके पद के अनुरूप नहीं है।

लोग मानते हैं कि भारत जोड़ो यात्राओं से राहुल गांधी की समझ और छवि, दोनों सुधरी हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें बेहद जिम्मेदार और जवाबदेह राजनेता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। अपनी यात्राओं से लेकर 18वीं लोकसभा में शपथ ग्रहण के समय भी जींस और टी शर्ट में नजर आने वाले राहुल नेता प्रतिपक्ष बनते ही कुर्ता-पायजामा में दिखे, लेकिन सिर्फ परिधान बदलने से बात नहीं बनेगी। बेशक नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे सरकार की गलतियों की आलोचना अपेक्षित है, लेकिन भाषा-शैली में शालीनता की दरकार होगी, जिसकी राहुल को बहुत जरूरत है और जो हाल के सालों में हमारी राजनीति से तेजी से नदारद होती गई है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद परस्पर सम्मान और मर्यादा पालन दोनों ही पक्षों से अपेक्षित रहेगा। संसद व बाहर भाषा की गरिमा बनी रहे।

राहुल की बात करें तो अब उनकी टिप्पणी को विपक्षी दल के सांसद नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष की राय माना जाएगा, जिसका संसदीय प्रोटोकॉल में महत्वपूर्ण स्थान है। ब्रिटेन समेत कुछ देशों में नेता प्रतिपक्ष को 'शेडो पीएम' की तरह देखा जाता है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी 'शेडो केबिनेट' भी बनाए, जो तमाम विभागों के कामकाज पर नजर रखते हुए अपनी वैकल्पिक सोच जनता के समक्ष पेश करे।

राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। राहुल गांधी इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, इस पर ही उनकी राजनीतिक सफलता निर्भर करेगी।

इसके साथ ही उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा। स्पीकर चुनाव के लिए कांग्रेस के दलित सांसद के. सुरेश को 'इंडिया' का उम्मीदवार घोषित करते समय तृणमूल कांग्रेस से सलाह न करने जैसी घटनाएं आपसी तालमेल पर सवाल उठाती हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका देते हुए विपक्ष उसे बहुमत से वंचित रखने में सफल रहा। राजस्थान में भी विपक्ष, भाजपा से 25 में से 11 लोकसभा सीटें छीनने में सफल रहा। पंजाब और हरियाणा में भी विपक्ष का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, लेकिन शेष हिंदी बेल्ट में भाजपा के मुकाबले वह कहीं नहीं ठहरता। सबसे ज्यादा लोकसभा सांसद चुनने वाली हिंदी बेल्ट में कांग्रेस और सहयोगी दलों के मजबूत हुए बिना केंद्रीय सत्ता से भाजपा की विदाई की बात सोचना भी दिन में सपने देखने जैसा है।

सबसे मुश्किल यह है कि उत्तर भारत में मजबूती की कवायद में कांग्रेस और मित्र दलों में आपस में दलगत हितों के टकराव की भी आशंका है। लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में बढ़ती दूरियां भी इसी बात का संकेत हैं। इतने सारे मोर्चों पर सक्रिय रहते हुए राहुल गांधी को 'इंडिया' गठबंधन के विस्तार की संभावनाएं भी टटोलनी होंगी, क्योंकि इस अग्निपरीक्षा में उनका पास होने पर ही आगामी चुनावों में विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन निर्भर करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## नए कानून
प्रमोद भार्गव



# दंड नहीं, न्याय का विधान

वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से आहत होकर अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके मददगारों को दंड देने की दृष्टि से अनेक औपनिवेशिक कानून लागू किए थे। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। इन कानूनों के शीर्षक में ही 'दंड' की प्रधानता है। दंड के मनोविज्ञान से ही निर्दोश भयभीत हो जाया करते हैं। इस भय से मुक्ति का प्रावधान करने की दृष्टि से 'न्याय' शब्द का प्रयोग कानून किया गया है। इन कानूनों के लागू होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी। भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना भी था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा। 164 साल पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जो बीएनएस-2023 में 358 रह जाएंगी। इसमें 21 नए अपराध जुड़े हैं और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) कहा जाएगा। इसमें 47 नई धाराओं के साथ अब कुल 531 धाराएं होंगी। पहले धारा 154 में होने वाली प्राथमिकी नए कानून के तहत धारा-173 में दर्ज की जाएगी। अब पुराने कानून दंड प्रक्रिया संहिता में से 'दंड को हटाकर नागरिक सुरक्षा पर जोर दिया गया है, 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। पुराने कानून में 167 धाराएं थीं, जो अब 170 रह गई हैं। इस कानून को तकनीक और फॉरेंसिक आधार पर तैयार किया गया है। ताकि सजा का प्रतिशत 90 तक पहुंच जाए। बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में इस कानून की अहम भूमिका जताई जा रही है। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित करके 'देशद्रोह' किया है। क्योंकि अब देश स्वतंत्र हो चुका है। अतएव लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। यह नागरिक का अधिकार है। इसके औचित्य पर सवाल उठते रहे थे। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिह्नों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोषी पर आरोप साबित होने पर तीन साल जेल तक की सजा हो सकती है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी शिकंजे से बचने न पाएं, इसके प्रावधान किए गए हैं। यही कानूनी प्रावधान वृहत्तर सामाजिक हित राज्य को भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा राज्य की सुरक्षा से जोड़ते हैं। भारत के विरुद्ध सांप्रदायिक कट्टरता फैलाने और सरकार के लिए नफरत के हालात बनाने में भारत विरोधी विदेशी ताकतें सोशल मीडिया का मनचाहा एवं गलत दुरुपयोग करती हैं, इसलिए नए कानून में देश तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों पर अंकुश के लिए कठोर कानूनी प्रावधान नए कानून में हैं। अतएव स्वतंत्रता के 76 साल बाद भारतीयों को ऐसी प्रणाली मिल गई है, जो दंड की बजाय अधिकतम न्याय पर आधारित है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्रोध की स्थिति को शांत करने करें प्रभु का स्मरण



संकलित
दर्शन

जब अहंकार नहीं, लोभ नहीं, नफरत नहीं तो क्रोध भी नहीं होगा शांति होगी। समाज में ऐसी परिस्थितियां, ऐसे कारण हैं कि क्रोध आए बिना नहीं रहता। इसके लिए परिस्थितियां बदलनी होंगी परंतु ऐसा नहीं हो सकता। इस दुनिया के हालात नहीं बदले जा सकते। कोई सोचता है मैं दुनिया के हालात बदल दूंगा तो मूर्खतापूर्ण विचार है। समस्या सदा रहेगी। दूसरा उपाय है हम अपने आपको बदल दें। जिन कारणों से क्रोध उत्पन्न होता है उन्हें रोकें। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो कि हमें क्रोध करना पड़े। क्रोध क्यों आता है? एक किसी की गलती पर या अपनी हानि होने पर या आशानुसार काम न बनने पर या किसी मनुष्य को देखते ही क्रोध आ जाता है, जिसको हम पसंद नहीं करते। कुछ उपाय यहां बताते हैं। ये ठान लें आप कि धीरे ही बात करेंगे, प्रेम से ही बात करेंगे, थोड़े शब्दों में ही बात करेंगे और सोच समझ कर बोलेंगे। मीठी भाषा का प्रयोग करेंगे। क्रोध की स्थिति पैदा हो तो मन में निरंकार का सुमरिन करेंगे और निरंकार से अरदास करेंगे। हे निरंकार, इस चांडाल क्रोध को मन में न आने दें, आप हमें बचाओ। यहां सुखद वातावरण बने, प्रभु कृपा करो। आप देखेंगे वातावरण शांत हो जाएगा। आपकी बात भी सबको समझ आ जाएगी। सद्गुरु कहते हैं न मैं किसी की वेशभूषा बदलना चाहता हूं न खान-पान। मैं मनुष्य की वृत्ति बदलकर उसे सत्य के साथ जोडक़र एकत्व की भावना लाना चाहता हूं। अहंकार को दूर कर निरंकार प्रभु की भक्ति और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाना चाहता हूं।

## आध्यात्मिक लोग जीते हैं मूल्यों पर आधारित जीवन



संकलित
प्रेरणा

आध्यात्मिक लोग मूल्यों पर आधारित जीवन जीते हैं जो कि सुशासन के लिए अति आवश्यक है। आध्यात्मिकता लोगों को ईमानदार व प्रतिबद्ध बनाती है जो कि किसी भी अपराध रहित समाज के लिए बेहद आवश्यक है। परंतु आधिकारिक संरक्षण के बिना आध्यात्मिकता का विकसित होना बहुत मुश्किल है। यदि हम अपने प्राचीन इतिहास को देखें, तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिकता भारतीय राजनीति में बहुत गहरी जड़ों तक स्थित है। आध्यात्मिकता और राजनीति दोनों का ही मानवता व मानव के साथ गहरा संबंध है। राजनीति का उद्देश्य सुशासन लाना और भौतिक व भावानात्मक सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना है। वहीं आध्यात्मिकता का लक्ष्य नैतिकता व मानवीय मूल्यों को बढ़ाना है। किसी भी देश की समृद्धि व विकास के लिए राजनीति व आध्यात्मिकता का एक साथ चलना अति आवश्यक है। सुशासन व अच्छे प्रजातंत्र के लिए आध्यात्मिकता का होना अनिवार्य है। केवल आध्यात्मिकता ही प्रतिबद्धता, दायित्व व आत्मविश्वास का आह्वान कर उन्हें मानव में स्थापित कर सकती है। बिना आध्यात्मिकता के राजनीति में अनैतिकता का वातावरण बनता है और इस कारण भ्रष्टाचार, अपराध व अराजकता को बढ़ावा मिलता है। भारतीय आध्यात्मिकता ने पूरे संसार को धर्मनिरपेक्षता से अवगत करवाया है। यदि हम अपने प्राचीन इतिहास को देखें, तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिकता भारतीय राजनीति में बहुत गहरी जड़ों तक स्थित

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।

*-विनय कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा



अधिक नौकरियां, अधिक अवसर और एक मजबूत अर्थव्यवस्था! विनिर्माण पीएमआई के 58.3 तक बढ़ने के साथ, हमारा विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। मोदी सरकार राष्ट्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री


### हम आज गौरवान्वित हैं



हम आज बेहद गौरवान्वित हैं। हमारा एक बेटा शिवनाथ 'रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट' बन गया! 2008 में हमने 9 साल के शिवनाथ खेतिहर मजदूरी से मुक्त कराया था। तबसे उस ने बाल आश्रम में रहकर पढ़ाई की।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### ऐसे विपक्ष के नेता राहुल



राहुल गांधी एक ऐसे विपक्ष के नेता हैं जिसमें लालू जैसे सजायाफ्ता, डीएमके जैसे सनातन धर्म को खत्म करने का प्रयास करने वाले लोग और सऊदी अरब में भी प्रतिबंधित इस्लामिक ब्रदरहुड सहयोगी शामिल हैं। फिर भी दिखावा करता है कि वह शिव को समझता है।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### अपने आपमें सच रहना



जब लोग कहते हैं कि आप बदल गए हैं, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपने वैसा व्यवहार करना बंद कर दिया जैसा वे चाहते थे। अपने आपमें सच रहना। आप इंसान हो या शेयर बाजार, जाना तो ऊपर ही है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चीन ने ताइवान को लेकर विनाश तक धमकाया अमेरिका को



चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने आयोजित नियमित संवाददाता सम्मेलन में चीनी और अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच फोन कॉल के बारे में सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने अमेरिका से राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा किए गए वचनों को निभाने, चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों का व्यवहारिक रूप से सम्मान करने और चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार चीनी उप विदेश मंत्री मा चाओश्यू ने 27 तारीख को अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल के साथ फोन पर बातचीत की और उन्होंने चीन-अमेरिका संबंधों और आम चिंता वाले मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। चीनी प्रवक्ता ने चीन के रुख का परिचय दिया और जोर देते हुए कहा कि ताइवान मुद्दा चीन के मूल हितों का और चीन-अमेरिका संबंधों में पहली दुर्गम लाल रेखा है। ताइवान स्वतंत्रता के समर्थन में शामिल होने से अंततः विनाश होगा. अमेरिका को तीन चीन-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्तियों का पालन करना चाहिए, ताइवान को हथियार देना बंद करना चाहिए और "ताइवान स्वतंत्रता" का समर्थन न करने की अपनी प्रतिबद्धता को लागू करना चाहिए। तिब्बत से संबंधित मुद्दे चीन की प्रभुसत्ता व प्रादेशिक अखंडता से संबंधित हैं।

## ऑफ बीट

# दूधेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित है नीलम का शिवलिंग



बिहार के औरंगाबाद जिले में देवकुंड का प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर न सिर्फ औरंगाबाद, बल्कि बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थानों में गिना जाता है। यहां नीलम पत्थर से निर्मित भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है। जो पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। पुराणों के अनुसार कभी यहां घना जंगल हुआ करता था और यहां च्यवन ऋषि का आश्रम व सरोवर था। पुराणों में कहा गया है कि त्रेता युग में भगवान यहां आए थे और उन्होंने इस सरोवर में स्नान कर च्यवन ऋषि का आशीर्वाद लिया था। मान्यता है कि यह शिवलिंग यहां त्रेता युग से स्थापित है। कहते हैं च्यवन ऋषि के कहने पर भगवान राम ने शिवलिंग की स्थापना करके पूजा अर्चना की थी। यह शिवलिंग नीलम पत्थर से निर्मित है, जो दुर्लभ है। यह देश का इकलौता शिव मंदिर है, जहां नीलम शिवलिंग स्थापित है। देवकुंड मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यह मंदिर एक ही रात में बनकर तैयार हुआ है, जिसे स्वयं देवताओं के वास्तुकार और देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने तैयार किया था। इसकी एक और विशेषता यह है कि यह विशाल मंदिर एक ही पत्थर को तराश कर बनाया गया है। केवल यही नहीं, बल्कि औरंगाबाद जिले में ही स्थित देव नामक जगह पर स्थित सूर्य मंदिर का निर्माण भी एक ही रात में हुआ था।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का सत्संग

# लोगों के जल्द निकलने के चक्कर में बन गए विकट हालात गर्मी,उमस और भारी भीड़ के कारण कई लोग हो गए बेहोश

हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया, स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है

## हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में हादसे ने ले ली कई लोगों की जान

## भक्तों का सैलाब उमड़ने के कारण यहां अव्यवस्था हुई, पुलिस पर भी सवाल उठे

एजेंसी ▶▶ हाथरस

हाथरस के फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का सत्संग हो रहा था। भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। लोगों के जल्दी निकलने के चक्कर में यहां पर बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। बताया जा रहा है कि हादसे में अब तक कितने लोगों की मौत हो गई है, सही संख्या सामने नहीं आई है। मरने और घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। साथ ही बच्चों के भी हताहत होने की जानकारी मिल रही है।

हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एम्बुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम हाउस में स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों से एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए भेजा गया है।



### बसों-टेंपो में भरकर घायलों और शवों को लाया गया

हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में नारायण साकार हरि के सत्संग में भगदड़ कई लोगों की जान चली गई। नारायण साकार हरि को भोले बाबा के नाम से जाना जाता है। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि कई लोग घायल हैं। घायलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घायलों और शवों को टेंपो और बसों में भरकर अस्पताल लाया गया। अस्पताल के बाहर कई शव पड़े हुए थे।

### पुलिस और प्रशासन की नहीं थी पुख्ता व्यवस्था

बताया जा रहा है कि प्रवचन कार्यक्रम में मची भगदड़ में भक्तों की मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। प्रशासन की लापरवाही के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ। परमिशन से अधिक संख्या में भक्तों का सैलाव उमड़ने के कारण यहां अव्यवस्था हुई। प्रशासन ने कोई भी पुख़्ता व्यवस्था नहीं की थी।

## भगदड़ की आंखों देखी, घटना स्थल पर मच गई थी चीख-पुकार

### लोग एक के ऊपर एक नाले में गिरते गए और दो घंटे तक दबे रहे

हाथरस के रतिभानपुर में मंगलवार का दिन अमंगलकारी रहा। यहां प्रवचन करने वाले भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। हादसे के बाद से ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी महिला शकुंतला ने बताया कि भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। सत्संग खत्म होने के बाद लोग एक साथ बाहर की ओर निकले तो भगदड़ मच गई। पास में एक नाला था, भगदड़ के बाद लोग नाले में एक के ऊपर एक गिरते चले गए। जब लोग घंटे-दो घंटे दबे रहेंगे, तो मरेंगे नहीं तो क्या होगा?

प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला ने आंखों देखा हाल किया बयां



### मुझे लोगों ने खींचकर निकाला

*प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला ने बताया कि भगदड़ के दौरान पहले आगे वाले लोग नाले में गिरे और फिर उनके ऊपर पीछे वाले लोग गिरते चले गए। शकुंतला ने बताया कि उनकी पड़ोसन गंगा देवी भी हादसे का शिकार हो गईं। महिला ने बताया कि भगदड़ में वो भी दब गई थीं, लेकिन लोगों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला, जिसके कारण को जिंदा बच पाईं।*

## पूरी कहानी भगदड़ की शिकार युवती की जुबानी

### राजस्थान-मप्र-हरियाणा से भी आए थे भक्त

इस बीच जो लोग इस सत्संग में शामिल होने गए थे और भगदड़ का शिकार हुए हैं उन्होंने बताया कि मौके पर कैसे मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।



### 3 किलोमीटर तक फैली थी वाहनों की संख्या

*जानकारी सामने आई है कि महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।*

### श्रद्धालुओं को एक जगह रोकने से सांस लेना हो रहा था मुश्किल

*अचानक भगदड़ के दौरान ये घटना घटी है। बताया जा रहा है कि भगदड़ का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को एक जगह रोकने के कारण सांस लेने की समस्या सामने आई थी। इस कारण कई लोग मौके पर बेहोश हो गए थे। फिलहाल, प्रशासन द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है। हाथरस समेत पूरे इलाके में भोले बाबा काफी समय से सत्संग करवाते हैं। वह पहले पुलिसकर्मी थे और भोले बाबा का सत्संग शुरू किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 10 सालों से सत्संग चलता है।*

## खबर संक्षेप


### पीएम मोदी को राहुल का पत्र, नीट पर बहस हो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बुधवार को एनईईटी मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध किया है। राज्यों के साथ भेदभावऔर केंद्रीय एजेंसियों को औजार बनाकर विपक्षी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कई आरोप लगाए हैं।



### शिक्षा मंत्रालय ने शुरू की नामांकन प्रक्रिया

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से 50 शिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजधानी के विज्ञान भवन में सम्मानित करेंगी। इसके लिए ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। नामांकन करने की अंतिम तारीख 15 जुलाई है।




### मंत्री की पत्नी ने पुलिस को फटकारा,मांगी माफी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के परिवहन मंत्री मंदीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी की पत्नी हरिता रेड्डी सुर्खियों में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें उन्हें एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर को डांटते हुए सुना जा सकता है। वजह बताई जा रही है कि पुलिसकर्मी को उन्हें एस्कॉर्ट करने के लिए आगे आना था लेकिन वह देरी से वहां पहुंचा।



### ट्रेन से कंटेनर गिरने से 3 किमी ट्रैक डैमेज

**करनाल।** अमृतसर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर करनाल के निकट चलती हुई मालगाड़ी से करीब 8कंटेनर रेलवे ट्रैक पर गिर गए। इससे रेलवे ट्रैक व बिजली की लाइन को काफी नुकसान पहुंचा है। तरावड़ी के निकट यह हादसा होने के बाद दो ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया जबकि कई यात्री व मालगाड़ियों को रद्द करना पड़ा।



## राज्यसभा में खरगे-धनखड़ के बीच तीखी नोकझोंक

धनखड़ ने कहा- रमेश जैसा अनुभवी आपकी मदद कर रहा

# मुझे न रमेश और न आप बना सकते मुझे बनाने वाले (सोनिया)यहां बैठे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार भी लगाई। जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरे में बहुत सहनशक्ति है, खून के घूंट पी सकता हूं। मैंने क्या-क्या किया है, कितना बर्दाश्त किया है और आप खड़े होकर कह देते हैं? आप यह नहीं समझते कि मैं क्या कह रहा हूं?

*धनखड़ ने कहा- चेयर का ऐसा अपमान इतिहास में नहीं किया गया*





**खरगे ने कहा आपके दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम कायम**

धनखड़ द्वारा रमेश की टिप्पणी पर खरगे ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आपके (धनखड़) के दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम है। आप इसी कारण रमेश को प्रतिभाशाली बता रहे हैं और मुझे मंदबुद्धि कह रहे हैं।

### धनखड़ ने रमेश की ओर इशारे करते कहा-वे 56 साल के अनुभवी

चर्चा के दौरान जब खरगे बोलने के लिए संसद में खड़े हुए और तभी पीछे से जयराम रमेश ने कुछ कहा। इस पर धनखड़ ने कहा कि जब प्रथम पंक्ति के अंदर आप जैसा व्यक्ति है, जिसके पास 56 साल का अनुभव है। उस व्यक्ति को जयराम बीच में टोकते हैं, मदद करने की कोशिश करते हैं। इस पर खरगे ने कहा कि मुझे न रमेश, न आप बना सकते हैं। पास की सीट पर बैठीं सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए खरगे ने कहा कि मेरे को बनाने वाले यहां बैठे हैं। मुझे जनता ने बनाया है।इसके बाद धनखड़ ने कहा कि खरगे, मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। मेरी बात को ध्यान से सुनिए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के इतिहास में चेयर का इस कदर अपमान नहीं हुआ।

### धनखड़ ने जयराम रमेश की तारीफ की

चर्चा के दौरान जब जयराम ने धनखड़ की बात को काटते हुए कुछ कहा तो उन्होंने कांग्रेस नेता पर भी निशाना साध दिया। धनखड़ ने कहा,आप इतने बुद्धिमान, इतने प्रतिभाशाली, इतने प्रतिभावान हैं कि आपको तुरंत आकर खरगे की जगह सीट ले लेनी चाहिए। कुल मिलाकर आप उन्हीं का काम कर रहे हैं। आपको खरगे की जगह विपक्ष के नेता का पद ले लेना चाहिए।

## अखिलेश के बयान पर पांडेय का वैसा ही जवाब

### अवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर... जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा...





सपा सांसद अखिलेश यादव लोकसभा में एक खास अंदाज में दिखाई दिए। उन्होंने मोदी सरकार पर शायराना अंदाज में हमला किया और चुनावों में सीटें कम होने और बहुमत की सरकार ना बनने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि आवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर, दरबार तो लगा है पर, बड़ा गमगीन-बेनूर है, क्यों ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे से कोई आधार नहीं, ऊपर से जो है अटकी हुई, यह कोई सरकार नहीं। यही नहीं अखिलेश यादव ने जोर देकर ये भी कहा कि ये चलने वाली नहीं, हारी हुई सरकार है। अखिलेश के भाषण के बाद छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने अखिलेश यादव का जवाब उसी तरह शायराना अंदाज में पलटवार किया। संतोष पांडेय ने अखिलेश यादव का पर तंज कसते हुए कहा- जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा, आके बैठे हो फलसफे में, तुम्हारा लहजा बता रहा है. तुम्हारी दौलत नई-नई है...।

## केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए सीबीआई ने बनाया झूठा आधार

हाईकोर्ट कर रहा सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनकी गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि एफआईआर 2022 में ही दर्ज की गई थी। अप्रैल 2023 में समन किया गया और 9 घंटे पूछताछ की गई। उसके बाद अब तक कुछ नहीं किया गया और डायरेक्ट गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने गिरफ्तारी के लिए झूठा आधार बनाया और कोई तर्क नहीं दिया गया। केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले से उपलब्ध सामग्री के आधार पर गिरफ्तारी की गई है, जो कि अवैध है और इसकी कानूनन अनुमति नहीं है। सिंघवी ने कहा कि हम गिरफ्तारी रद्द करके उन्हें हिरासत से छोड़ने की मांग कर रहे हैं। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जमानत याचिका दायर की है? सिंघवी ने कहा कि अभी ऐसा नहीं किया है, लेकिन ऐसा करेंगे। कोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

### नीतीश ने हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती



**पटना।** नीतीश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पटना हाईकोर्ट के 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने बिहार में संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ बिहार सरकार के वकील मनीष सिंह ने याचिका दायर की और दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की मांग की। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा था कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बिहार में आरक्षण को बढ़ाना नहीं चाहती थी। भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोगों को संदेह पहले से ही था कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे। हमलोगों ने चुनाव में भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी लोग हैं।

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी को वरिष्ठ नेताओं ने किया सम्मानित

# पीएम ने सांसदों से कहा- सदन में प्रभावी ढंग से उठाएं मुद्दे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार गैर कांग्रेसी नेता के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से विपक्ष परेशान है। उन्होंने एनडीए सांसदों से संसदीय नियमों और आचरण का पालन करने और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में वरिष्ठ सदस्यों से सीखने की बात कही, साथ ही मोदी ने सांसदों से अपने निर्वाचन क्षेत्र के मुद्दे प्रभावी ढंग से सदन में उठाने का आह्वान भी किया।

एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि विपक्ष परेशान है क्योंकि पहली बार कोई गैर-कांग्रेसी नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि

## पहली बार गैर-कांग्रेसी नेता के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से विपक्ष परेशानः मोदी



मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित होने और अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए कहा। यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी ने लोकसभा में गांधी के सोमवार के भाषण का जिक्र किया, रिजिजू ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी के लिए होता है। बैठक में, मोदी को उनके ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए एनडीए नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।प्रधानमंत्री ने सांसदों से किसी भी मुद्दे पर मीडिया के सामने टिप्पणी करने से पहले उसका अध्ययन करने को कहा और कहा कि उन्हें निर्वाचन क्षेत्रों के संपर्क में रहना चाहिए और मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहिए।

मोदी ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करने के लिए भी कहा। यह सभी प्रधानमंत्रियों की जीवन यात्रा का दस्तावेजीकरण करता है, जो पहले की सरकारों द्वारा नहीं किया गया था।

## सीएम सरमा का बड़ा आरोप

# असम में विशेष संप्रदाय के लोग यहां कर रहे सुनियोजित हमला

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम में एक विशेष संप्रदाय के लोग सुनियोजित तरीके से हमले कर रहे हैं।सरमा ने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद से राज्य में सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं।

सरमा ने जनता को आगाह किया कि यदि इस संप्रदाय के लोगों की संख्या इसी प्रकार बढ़ती रही तो यहां अन्य संप्रदाय के लोग रह नहीं सकेंगे। बिस्वा ने मंगलवार को



सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो सन्देश में कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से वे लोगों को इसके प्रति आगाह कर रहे हैं। आपराधिक दृष्टिकोण से सरकार अपने स्तर पर कार्रवाई कर रही है लेकिन लोगों को स्थिति की गंभीरता को समझनी चाहिए।

## रिपोर्ट आने के बाद बैंक के शेयर में आई गिरावट

# हिंडनबर्ग ने अडानी के बाद अब कोटक बैंक को लपेटा, निवेशकों में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोप लगाने का सिलसिला जारी है। बीते साल अडानी ग्रुप पर अलग-अलग तरह के दावे के बाद अब हिंडनबर्ग ने कोटक महिंद्रा बैंक को लपेट लिया है। हिंडनबर्ग ने दावा किया कि अरबपति बैंकर उदय कोटक ने बैंक के साथ-साथ ब्रोकरेज कंपनी की स्थापना की और एक अज्ञात निवेशक द्वारा इस्तेमाल किए गए विदेशी फंड की देखरेख की। हिंडनबर्ग ने इस फंड का इस्तेमाल अडानी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया गया। हालांकि, इस मामले में कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से सफाई भी दी गई है।

कोटक बैंक के मुताबिक हिंडनबर्ग कभी कोटक महिंद्रा इंटरनेशनल लिमिटेड का क्लाइंट नहीं रहा है और न ही वह कभी फंड में निवेशक रहा है। वहीं इस मामले में हिंडनबर्ग ने कहा कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला तथा बाद में एक कारण बताओ नोटिस भेजा गया जिसमें भारतीय नियमों के संदिग्ध उल्लंघन का उल्लेख था। कंपनी ने कहा आज तक अदाणी (समूह) हमारी रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का जवाब देने में विफल रहा है। इसके बजाय उन्होंने हमारे द्वारा उठाए गए हर प्रमुख मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जवाब दिया और बाद में मीडिया में लगाए गए आरोपों का पूरी तरह खंडन किया है।'' उसने कहा कि जनवरी 2023 की रिपोर्ट ने '' (समूह के चेयरमैन) गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी और करीबी सहयोगियों द्वारा नियंत्रित अपतटीय शेल संस्थाओं के एक विशाल नेटवर्क का सबूत प्रदान किया था।




### सेबी की नोटिस के बाद खुलासा

हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अडानी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इसके बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। इस रिपोर्ट के लिए हिंडनबर्ग को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कारण बताओ नोटिस भी मिला है। हिंडनबर्ग पर अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट के दौरान कमाई करने के आरोप लगे हैं।

### कारण बताओ नोटिस धमकाने का प्रयास

अब सेबी के कारण बताओ नोटिस को हिंडनबर्ग ने धमकाने का प्रयास बताया है। इसी के साथ कोटक महिंद्रा बैंक को लेकर भी दावा किया है। अमेरिकी कंपनी का दावा है कि हमारे पार्टनर के लिए इसी बैंक ने ऑफशोर फंड स्ट्रक्चर बनाया और उसकी देखरेख की है, जिसका इस्तेमाल करके हमने अडानी के शेयरों को शॉर्ट किया।

### *बैंक के शेयर क्रैश*

*हिंडनबर्ग के आरोपों के बीच कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर क्रैश हो गए। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को यह शेयर पिछली क्लोजिंग 1808.75 रुपये के मुकाबले 1736.65 रुपये पर आ गया। यह करीब 3 फीसदी की गिरावट को दिखाता है। शेयर ने मई 2024 में 1,544.15 रुपये के स्तर को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है।*

### *अदाणी का मामला गया था सुप्रीम कोर्ट तक*

*हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया था कि समूह को अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। हालांकि दुनिया के दूसरे सबसे अमीर उद्यमी के रूप में सूचीबद्ध गौतम अडाणी शीर्ष 20 से भी बाहर हो गए। बाद में समूह ने इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई की।*

## एलजी के 2024 साउंडबार्स के उन्नत ऑडियो के साथ घर पर लें संपूर्ण मनोरंजन का आनंद

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपने नवीनतम साउंडबार्स की रेंज के लॉन्च के साथ होम एंटरटेनमेंट में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है। 2024 की लाइन-अप में SQ75TR, SG10Y, SQ70TY, S77TY और S65TR मॉडल शामिल हैं। एलजी टीवी के साथ सहजता से मेल खाने के लिए डिज़ाइन किए गए ये साउंडबार अपनी मजबूत साउंड क्वॉलिटी, बेहतरीन फीचर्स और परिष्कृत डिज़ाइनों के माध्यम से एक उन्नत होम सिनेमा अनुभव का वादा करते हैं। साउंडबार और टीवी के बीच बेहतर तालमेल बनाकर, एलजी के नवीनतम साउंडबार मॉडल की उन्नत ऑडियो गुणवत्ता घर पर मनोरंजन के अनुभव को अधिकाधिक सुविधा एवं तल्लीनता की भावना के साथ समृद्ध करती है। WOW सिनर्जी (ऑर्केस्ट्रा, इंटरफेस, कास्ट) फीचर के साथ, साउंडबार और एलजी टीवी अपने ऑडियो चैनलों की पूरी क्षमता का उपयोग करते हैं, जिससे विस्तारित साउंडस्टेज और बेहतर गहराई और ऊँचाई के साथ एक अद्वितीय ऑडियो अनुभव मिलता है। आसपास के ध्वनि अनुभव के लिए आदर्श विकल्प, एलजी के नए साउंडबार्स डॉल्बी एटमॉस® की उच्च गुणवत्ता प्रदान करते हैं, जिसे DTS:X की उन्नत तकनीक द्वारा संचालित किया जाता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के निदेशक-होम एंटरटेनमेंट यंग ह्वान जंग ने कहा, "हमारी नई साउंडबार्स की रेंज ऑडियो टेक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

## कमजोर वैश्विक संकेतों से सोने, चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मंदी के रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अगस्त डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 122 रुपये या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,532 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी। दिन के कारोबार के दौरान यह कीमती धातु 71,432 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गई। हाजिर और वायदा बाजार में भी चांदी की कीमतों में गिरावट आई।एमसीएक्स में सितंबर डिलिवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 81 रुपये घटकर 89,669 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मंगलवार को मुंबई के हाजिर बाजारों में सोना 71,692 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 88,015 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरू में बेचे 2,000 से ज्यादा फ्लैट

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच बेंगलुरू में अपनी नई आवासीय परियोजना में 3,150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2,000 से ज्यादा मकान बेचे हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड-बुडिगेरे क्रॉस स्थित 'गोदरेज वुडस्केप्स' परियोजना में 3,150 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग हासिल की है।



## शेयर बाजार में गिरावट 34 अंक लुढ़का सेंसेक्स निफ्टी भी फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी में 2 जुलाई हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन गिरावट दर्ज हुई है। बाजार बंद होने तक 34 अंक की गिरावट के साथ सेंसेक्स आज 79,441.45 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 18 अंक फिसलकर 24,123.85 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा और निफ्टी मिडकैप 50 बाजार बंद होने तक 128 अंक की गिरावट के साथ 15,711.45 अंक पर बंद हुआ। टॉप गेनर्स में आज गोदरेज प्रोपर्टीज, मदरसन और लार्सन ने क्रमशः 4.41 फीसदी, 3.16 फीसदी और 2.83 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। दीपक नाइट्रेट और कोफोर्ज लिमिटेड के शेयरों में भी क्रमशः 2.70 फीसदी और 2.45 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई।



### सोना-चांदी की कीमत हुई कम

भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 71,858 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी की बात करें तो यह 88,085 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में सीएसी और डीएएक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के एस एंड पी 500 और नैस्डेक बढ़त के साथ हरे निशान पर थे।

## एनर्जी कंपनी का आईपीओ आ रहा 5 को, 125 करोड़ जुटाने का टारगेट

*आईपीओ की 5 जुलाई को ओपनिंग, 9 जुलाई को क्लोजिंग*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- गणेश ग्रीन भारत का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 5 जुलाई को ओपन हो रहा है तो क्लोजिंग 9 जुलाई को है। इस आईपीओ के जरिये कंपनी 125.23 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। बता दें कि गणेश ग्रीन भारत सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर है। गणेश ग्रीन भारत ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 181-190 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। वहीं, ग्रे मार्केट प्रीमियम 190 रुपये है। इसका मतलब ये हुआ कि शेयर की लिस्टिंग 380 रुपये पर हो सकती है। यह 100% प्रीमियम को दिखाता है। बता दें कि कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ पूरी तरह से 65.91 लाख नए शेयरों का इश्यू है। आईपीओ के अलॉटमेंट की अनुमानित तारीख 10 जुलाई है। आईपीओ की लिस्टिंग की अनुमानित तारीख 12 जुलाई है। गणेश ग्रीन भारत आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड हैं, जबकि इश्यू के रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड हैं। आईपीओ के आय का उपयोग सामान्य कॉमर्शियल, वर्किंग कैपिटल जरूरतों, कारखाने में नए उपकरण और मशीनरी की स्थापना के लिए कैपिटल एक्सपेंस और कुछ मौजूदा उधारों के पूर्ण या आंशिक री-पेमेंट के लिए किया जाएगा। बता दें कि गणेश ग्रीन का गठन अप्रैल, 2016 में किया गया। यह सौर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर, विद्युत ठेका सेवाओं और जलापूर्ति योजना परियोजनाओं पर काम करती है।




## एजेएक्स इंजी. ने एआई-संचालित कंक्रीट जीपीटी मंच किया पेश

**नई दिल्ली।** कंक्रीटिंग उपकरण विनिर्माता कंपनी एजेएक्स इंजीनियरिंग ने कंक्रीट और विनिर्माण उद्योग के लिए एआई-संचालित मंच कंक्रीट जीपीटी पेश किया है। यह कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित मंच अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, मराठी और कन्नड़ भाषा में काम करता है। कंपनी बयान के अनुसार, इसका मकसद विनिर्माण और कंक्रीट विशेषज्ञों को नवीनतम बाजार अंतर्दृष्टि, नवाचारों तथा नियामक संबंधी अद्यतन व विशेषज्ञ-मान्यता प्राप्त तकनीकी जानकारी प्रदान कर उनकी सेवा करना है। एजेएक्स इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शुभब्रत साहा ने कहा, '' हमें विश्वास है कि कंक्रीट जीपीटी निरंतर सुधार, सीखने और कौशल उन्नयन की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इससे लोगों को उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता से लैस किया जा सकेगा।




## करीब 17 प्रतिशत भारतीय असुरक्षित तरीके से रखते हैं महत्वपूर्ण वित्तीय पासवर्ड : सर्वे

**मुंबई (भाषा)।** प्रत्येक छह में से एक भारतीय (लगभग 17 प्रतिशत) महत्वपूर्ण वित्तीय पासवर्ड असुरक्षित तरीके से रखते हैं। मंगलवार को प्रकाशित एक हालिया सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग 17 प्रतिशत लोग एटीएम, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, बैंक खातों और ऐप स्टोर के महत्वपूर्ण पासवर्ड को 'असुरक्षित' तरीके से रखते (स्टोर करते) हैं, जिसमें उनकी संपर्क सूची या मोबाइल फोन पर नोट शामिल हैं, जिससे डेटा चोरी होने का खतरा बढ़ जाता है। लोकलसर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 367 जिलों के 48,000 से अधिक उत्तरदाता शामिल थे। इसमें कहा गया कि 34 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने पासवर्ड दूसरों के साथ साझा करते हैं। लोकलसर्किल्स ने बयान में कहा कि इस साल मई में, रिजर्व बैंक ने पिछले दो वर्षों में बैंक धोखाधड़ी में 300 प्रतिशत की वृद्धि का खुलासा किया था। सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग दो-तिहाई लोगों ने कहा कि वे महत्वपूर्ण पासवर्ड अपने पास रखते हैं।

## भारत ने म्यामां को पहली बार एक करोड़ रुपये की दाल निर्यात की

**ढाका।** भारत ने मंगलवार को रुपया-क्यात व्यापार समझौते के तहत म्यामां को पहली बार एक करोड़ रुपये से अधिक की दालों का निर्यात किया। यह एक ऐसा कदम है, जो द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा और स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाएगा। यंगून में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रुपया-क्यात व्यापार समझौते की व्यवस्था अब चालू है।'' इसमें कहा गया, ''पंजाब नेशनल बैंक के यंगून कार्यालय ने आज एक करोड़ रुपये से अधिक की दाल निर्यात के पहले लेन-देन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। हम दोनों पक्षों के व्यवसायों को इस व्यवस्था से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।'' भारतीय दूतावास ने भारत-म्यामां चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से फरवरी में रुपया-क्यात व्यापार समझौते के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया था। इससे पहले म्यामां के केंद्रीय बैंक ने 26 जनवरी को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे।

## गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष मोहम्मद नाजिम पुत्र मोहम्मद जहूर निवासी मकान नं. ग्राम, गम्हरिया थाना जोकी हाट, जिला, अररिया, बिहार। दिनांक 16/06/2024 से 4990 मुनसा राम चौक, बी.जी रोड आजाद मार्केट, दिल्ली से गुमशुदा है। इस संबंध में **डी डी नं 47ए/24 दिनांक 20/06/2024 पुलिस थाना बाड़ा हिंदू राव, दिल्ली** दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा पुरुष की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा पुरुष का विवरण इस प्रकार है: **नाम:** मोहम्मद नाजिम, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 18 वर्ष, **कद:** 5'5", **रंग:** गोरा, **शरीर:** सामान्य, **चेहरा:** अंडाकार, **पहनावा:** नीले रंग की टी शर्ट और काले रंग का लोवर और पैरों में चप्पल यदि किसी के पास इस लापता पुरुष के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी / बाड़ा हिंदू राव, दिल्ली।


मोहम्मद नाजिम

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/8044/N/2024

थाना प्रभारी
थाना बाड़ा हिंदू राव, दिल्ली।
Ph.: 7982071163,8750870125

## जॉब

☞ FRAUD कॉल से सावधान AIRTEL 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियां गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महीना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त CALL/ WHATSAPP/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## जे.यू.आई.टी के छात्र ने इंडियाना यूनिवर्सिटी, यूएसए में सूचना विज्ञान में डॉक्टरेट कार्यक्रम में प्रवेश लिया

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान विभाग, जेयूआईटी, सोलन, हिमाचल प्रदेश से जैव सूचना विज्ञान कार्यक्रम में बीटेक की 2024 पासआउट छात्रा विनम्रता शर्मा को स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स, कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग में सूचना विज्ञान में प्रतिष्ठित डॉक्टरेट कार्यक्रम में प्रवेश दिया गया है। शैक्षणिक वर्ष 2024 के लिए इंडियाना यूनिवर्सिटी (आईयू), यूएसए इंडियाना यूनिवर्सिटी का स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स, कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग अपने विश्व स्तरीय संकाय और उच्च रैंक वाले शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध है, जो इसे क्षेत्र में इच्छुक विद्वानों के लिए शीर्ष विकल्पों में से एक बनाता है। शर्मा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में असाधारण वादा और समर्पण दिखाया है, एक जीवंत शैक्षणिक समुदाय में शामिल होंगी जो अपने अत्याधुनिक अनुसंधान और जटिल समस्याओं को हल करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। शर्मा का आईयू में प्रवेश उनके अकादमिक करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और वह अभूतपूर्व अनुसंधान में शामिल होने और क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए उत्सुक हैं।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कई मुद्दों के साथ-साथ रेलपथों पर संरक्षा और रेल परिचालन इत्यादि पर विचार विमर्श किया गया । उन्होंने गतिशीलता बढ़ाने और अन्य विकासात्मक बुनियादी ढांचे के कार्यों और माल ढुलाई की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में यात्रियों को विश्वसनीय और सुरक्षित परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे के चल रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। समीक्षा बैठक में ठोस संरक्षा उपायों को लागू करने, नियमित रूप से ड्रिल और सभी स्तरों के परिचालन में संरक्षा जागरूकता बढ़ाने जैसे मामलों पर चर्चा की गयी । उन्होंने कहा कि संरक्षा और समयपालनबद्धता जैसे विषयों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता । महाप्रबंधक ने यात्रियों के समग्र अनुभव को और बेहतर करने के लिए शेड्यूल और समय-सारणी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | गांव कमाल में खरीद केन्द्र का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड-24449) + 3 कार्य। | 27.06.2024 12.07.2024 | 7.36 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xensirsa.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27376/I/88/7 दि. 02.07.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | एमसी नरवाना, जिला जीन्द में सब यार्ड धमतान साहिब की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 165.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27385/I/88/7 दि. 02.07.24

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।


**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5560




**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5559 का हल





# एशिया कप के लिए पाक टीम का ऐलान, भारत से पहले ही दिन भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*एशिया कप 2024 की अगले पखवाड़े में शुरुआत होने वाली है। श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार टीम को टीम की कमान सौंपी गई है। इससे अलावा कई खिलाड़ियों को इस टीम में जगह नहीं दी गई है। हाल ही में निदा डार की कप्तानी में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन खराब रहा था। पाकिस्तान महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में 2-0 और टी20 में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट के सभी मैच दांबुला में खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 26 जुलाई को और फाइनल रविवार 28 जुलाई को होगा।*

## इन प्लेयर्स की हुई वापसी

*इंग्लैंड के खिलाफ खेलने वाली आयशा जफर और शदाफ शमास को एशिया कप 2024 के लिए चुनी गई टीम में जगह नहीं दी गई है। इरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा अरूब शाह की टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा 22 साल की तेज गेंदबाज तस्मिया रुबाब को पहली बार पाकिस्तान टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कराची में 4 दिन के कैंप के बाद टीम का ऐलान किया।*

## महिला एशिया कप 19 जुलाई से, फाइनल 28 को दांबुला में



## भारत-पाक का आमना सामना 19 को

एशिया कप 2024 में पाकिस्तान टीम ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में उनके अलावा भारत, नेपाल और यूएई की टीम भी शामिल है। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जुलाई से होगी। पहले दिन ही 2 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में नेपाल का सामना यूएई से होगा और दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान टीम की टक्कर भारत से होगी।

## महिला एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम

निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन।

## पाक टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी

*श्रीलंका की उड़ान भरने से पहले पाकिस्तान टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी। इसकी शुरुआत 5 जुलाई से होगी और यह 16 जुलाई तक चलेगा। बता दें कि एशिया कप नए मुख्य कोच मोहम्मद वसीम, सहायक कोच जुनैद खान और स्पिन गेंदबाजी कोच अब्दुर रहमान के लिए पहला टूर्नामेंट होगा।*

## खबर संक्षेप



### बोलीविया को हराकर पनामा क्वार्टर फाइनल में

**ओरलैंडो।** ग्रुप सी मैच में पनामा ने बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। जोस फजार्डो ने लगातार दूसरे मैच में गोल दागते हुए 22वें मिनट में पनामा को बढ़त दिलाई। ब्रूनो मिरांडा ने 69वें मिनट में बोलीविया को बराबरी दिला दी। एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की।डेनमार्क के कोच थॉमस क्रिस्टियनसन के मार्गदर्शन में पनामा की टीम सिर्फ दूसरी बार कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में खेल रही है।

### उरूग्वे से 0-1 की हार के बाद बाहर हुआ अमेरिका



**कन्सास सिटी।** अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उरूग्वे की ओर से ओलिवेरा ने 66वें मिनट में गोल दागा। निकोलस डि ला क्रूज की फ्री किक पर रोनाल्ड आराजो ने हेडर लगाया। मैट टर्नर ने हेडर पर तो गोल नहीं होने दिया लेकिन रिबाउंड पर ओलिवेरा ने गोल दाग दिया। शुरुआती हेडर के दौरान ओलिवेरा ऑफ साइड लगे लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद गोल को बरकरार रखा गया। उरूग्वे की टीम ग्रुप सी में तीन मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर रही। पनामा ने तीन मैच में दो जीत से छह अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अमेरिका की टीम तीन मैच में एक जीत से तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### हॉकी इंडिया करेगी मास्टर्स कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए मास्टर्स कप आयोजित करने की मंगलवार घोषणा की। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। टूर्नामेंट की तारीखों और स्थल की घोषणा बाद में की जायेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने यहां जारी बयान में कहा, '' हम पहली बार हॉकी इंडिया मास्टर्स कप की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।

क्रिकेट : सैमसन, दुबे और जायसवाल आखिरी 3 मैचों के लिए पहुंचेंगे हरारे

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी-20 मैच खेलेंगे सुदर्शन, जितेश और हर्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले 2 मैचों के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है।

इन तीनों खिलाड़ियों को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के स्थान पर टीम में जगह दी गई है। ये तीनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप 2024 की चैंपियन टीम का हिस्सा थे। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सैमसन, दुबे और जयसवाल सीरीज के आखिरी 3 मैचों के लिए हरारे पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

## पहले 2 टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर) और हर्षित राणा।




### हर्षित को पहली बार मिली भारतीय टीम में जगह

टीम में शामिल किए गए हर्षित ने अभी तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है, जबकि सुदर्शन और जितेश ने क्रमशः 3 वनडे और 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। विशेष रूप से, हर्षित और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में बेहद शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में यह उसका इनाम माना जा सकता है। हालांकि, विकेटकीपर जितेश का प्रदर्शन इस साल लीग में कुछ खास नहीं रहा था।

## भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे टीम का ऐलान, धाकड़ खिलाड़ी की हुई एंट्री



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 6 जुलाई से होगी। सीरीज की शुरुआत से पहले जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड का एलान कर दिया है। मेजबान टीम में स्टार खिलाड़ी की एंट्री हुई है। दरअसल, जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड में अंतुम नकवी को शामिल किया है।

### अंतुम नकवी का प्रदर्शन

अंतुम नकवी ने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अब तक खेले 7 टी20 की 5 पारियों में 34.50 की औसत और 146.80 की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका सर्वाधिक स्कोर 38 रन है। टी20 में अंतुम नकवी ने 9 विकेट भी चटकाए हैं। उन्होंने 8 लिस्ट ए मैच की 8 पारियों में 514 रन बनाए हैं और 9 शिकार किए हैं।

### टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम

सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, तेंडाई चटारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट कैया, क्लाइव मदांडे, वेस्ली माधेवेर, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजारबानी, डायोन मायर्स, अंतम नकवी, रिचर्ड नगारवा, मिल्टन शुम्बा।

### 5 मैचों की टी20 सीरीज का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 6 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| दूसरा टी20 | : 7 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| तीसरा टी20 | : 10 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| चौथा टी20 | : 13 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |
| 5वां टी20 | : 14 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब |

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट

# 44 गलतियां कर नागल पहले दौर में हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने 44 सहज गलतियां की और विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ चार सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में पहली बार हिस्सा ले रहे नागल को दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में सोमवार रात 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी केकमानोविच के खिलाफ नागल ने एक सेट जीता। भारत के 72वीं रैंकिंग वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 विनर भी लगाए लेकिन अंत में नागल केकमानोविच के 122 अंक के मुकाबले केवल 104 अंक ही जुटा पाए। सर्बियाई खिलाड़ी ने छह ऐस लगाए और केवल दो डबल फॉल्ट किए।

## नागल का मौजूदा सत्र रहा शानदार

नागल का मौजूदा सत्र शानदार रहा है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था। उन्होंने शुरुआती दौर में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था और 35 साल में किसी ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष टेनिस खिलाड़ी बने थे। नागल ने एटीपी 1000 प्रतियोगिता इंडियन वेल्स मास्टर्स और मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था। इस भारतीय ने इस सत्र में दो चैलेंजर प्रतियोगिताएं हीलब्रॉन चैलेंजर और चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीते हैं। उन्होंने फ्रेंच ओपन में भी हिस्सा लिया था लेकिन शुरुआती दौर में हार गए थे।

यूरो कप 2024

# स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल पहुंचा क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| (फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया ने यूरो 2024 फुटबॉल के प्री-क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी पुर्तगाल की टीम को 120 मिनट तक गोल करने से रोके रखा लेकिन टीम पेनल्टी शूटआउट में 0-3 से हार गयी।

अंतिम आठ में पुर्तगाल के सामने अब फ्रांस की चुनौती होगी। यूरो 2024 में अपने पहले गोल की तलाश कर रहे रोनाल्डो मैच में पांच-छह ऐसे मौकों पर चूक गये जिसे वह पिछले 20 साल के अपने करियर में गोल में बदलते रहे हैं।

### अतिरिक्त समय में भी रही बराबरी

*नियमित समय में मैच गोल रहित रहने के बाद आधे घंटे के अतिरिक्त समय में भी यह मुकाबला गोल रहित रहा। अतिरिक्त समय के बाद भी मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा और फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया के जोसिप इलिकिक के पहले प्रयास को विफल कर दिया। इसके बाद रोनाल्डो ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई और अपनी निराशा को पीछे छोड़ा*

### आत्मघाती गोल से बेल्जियम हारा

**डसेलडोर्फ।** रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को यहां 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मुआनी ने 85वें मिनट मे तेज शॉट मारा जो बेल्जियम के डिफेंडर यान वर्टोनगेन से टकराकर गोलकीपर कोएन केस्टील्स के ऊपर से गोल में चला गया। फ्रांस के खिलाफ मौजूदा टूर्नामेंट में यह दूसरा आत्मघाती गोल है। फ्रांस की टीम अंतिम आठ के मुकाबले में शुक्रवार को पुर्तगाल से भिड़ेगी जिसने पेनल्टी शूट आउट में स्लोवेनिया को हराया। मुआनी ने मैच के बाद कहा, ''मैं भाग्यशाली था कि मेरा शॉट निशाने पर था। इसे रोका गया लेकिन यह (गोल के) अंदर चला गया।

## वोंड्रोसोवा 1994 के बाद शुरुआती दौर में बाहर होने वाली पहली महिला विंबलडन चैंपियन बनीं

**लंदन।** मार्केटा वोंड्रोसोवा 1994 के बाद विंबलडन टेनिस के शुरुआती दौर में हार का सामना करने वाली पहली मौजूदा महिला चैंपियन बन गई। वोंड्रोसोवा को मंगलवार को सेंटर कोर्ट पर स्पेन की जेसिका बौजास मानीरो ने सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। वोंड्रोसोवा ने पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब में कई उलटफेर करते हुए चैम्पियन बनीं थी। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में ट्रॉफी हासिल करने वाली पहली गैरवरीय महिला बनी थीं। उनके नाम अब एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया। 1968 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब गत चैंपियन खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गया हो। लगभग 30 साल पहले तब स्टेफी ग्राफ को लोरी मैकनील ने हराया था। वोंड्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता दी गई थी। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता और तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता भी थी। वह हालांकि मंगलवार को कभी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। पिछले महीने बर्लिन में एक टूर्नामेंट के दौरान गिरने से उनका कुल्हा चोटिल हो गया था। वह शायद इस चोट से पूरी तरह से नहीं उबर सकीं हैं। पिछले सप्ताह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंची स्पेन की 21 वर्षीय बौजास मानीरो ने उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''यह मेरे जीवन में, मेरे करियर में, इस खेल में सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है।

# ओसाका ने पैरी को हराकर दर्ज की जीत, गॉफ भी अगले दौर में

एजेंसी ▶▶| विंबलडन

नाओमी ओसाका ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं।

आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया।जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 है जबकि वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं। पैरी की विश्व रैंकिंग 53 है। दो बार की अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रहीं थी। इससे पहले कई बार की ग्रैंडस्लैम विजेता एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।



### अन्य मैचों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन

गत अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। गत चैंपियन अल्कारेज ने पुरुष एकल में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क ला याहल के खिलाफ 7-6, 7-5, 6-2 की जीत के साथ की। गॉफ ने कैरोलिन डोलेहाइड को 6-1, 6-2 से हराया जबकि राडुकानु ने रेनाटा जाराजुआ को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

टी-20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में देखने मिले एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच

# फाइनल ही नहीं इन मुकाबलों ने भी बढ़ाई फैंस की धड़कनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से शिकस्त दी। इसके साथ ही रोहित शर्मा आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए। इससे पहले मैन इन ब्लू ने कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी उठाई थी। भारतीय टीम ने पहली और आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीता था। इसके अलावा टीम ने साल 2013 में लास्ट टाइम आईसीसी की कोई ट्रॉफी (चैंपियंस ट्रॉफी) अपने नाम की थी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान कई रोमांचक मुकाबले हुए।

### हाईवोल्टेज रहा भारत बनाम पाकिस्तान मैच



ग्रुप स्टेज में भारतीय टीम का समाना पाकिस्तान से हुआ था। इस लो स्कोरिंग मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 रन से मात दी थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 19 ओवर मे 119 रन पर ही सिमट गई थी। बाबर आजम की टीम को जीत काफी आसान लग रही थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान के मंसूबो पर पानी फेर दिया था। जसप्रीत बुमराह ने 3 और हार्दिक पांड्या ने 2 विकेट चटकाए थे। साथ ही अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने 1-1 शिकार कर पाक को धूल चटा दी।

### भारत बनाम साउथ अफ्रीका फाइनल

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल ने फैंस की धड़कने बढ़ा दी थीं। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए 176 रन बनाए थे। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 15 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना दिए थे। टीम को आखिरी 30 गेंदों पर जीत के लिए 30 रन चाहिए थे। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने यहां से मैच पलट दिया।

### ऐसे रहा श्वासरोधक रोमांचक मुकाबला

जसप्रीत बुमराह ने 16वें ओवर में 4 रन और 18वें ओवर में 2 रन देकर 1 शिकार किया। अर्शदीप सिंह ने 19वें ओवर में 4 रन खर्च किए। हार्दिक पांड्या ने 17वें ओवर में 4 रन और आखिरी ओवर में 8 रन दिए। 20वें ओवर में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। ओवर की पहली ही गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का उम्दा कैच लपका और भारत की जीत पक्की कर दी।

### बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान

सुपर 8 के एक महत्वपूर्ण मैच में बांग्लादेश और अफगानिस्तान का आमना-सामना हुआ था। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के नजरिए से यह मैच काफी महत्वपूर्ण था। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 115 रन बनाए थे। इसके बाद बांग्लादेश को मात्र 105 रनों पर आउट कर बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।




## रूस के राजदूत ने पीएम मोदी के मास्को दौरे को लेकर कहा

# भारत हमारा पुराना दोस्त, हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

*यूएन में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने पीएम मोदी के रूस के दौरे को लेकर कहा है कि यात्रा के दौरान उन मुद्दों पर ठोस चर्चा होगी जिन पर दोनों देश सहयोग करते रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने कहा भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। भारत रूस का पुराना मित्र है। हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। भारत को रूस का पुराना दोस्त बताते हुए यहां मास्को के राजदूत वसीली नेबेन्ज्या ने कहा कि उनके देश के नई दिल्ली के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी के संबंध हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से द्विपक्षीय संबंध और बेहतर होंगे। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने जुलाई महीने के लिए रूस के सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के मौके पर एक संवाददाता सम्मेलन में पीएम मोदी के संभावित मास्को दौरे पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

आपसी सहयोग का दूसरे देशों को गंभीर संदेश जाएगा

पीएम मोदी का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था


फाइल फोटो

भारत और रूस के संबंध और भी बेहतर होंगे

सहयोगी मुद्दों पर ठोस चर्चा होगी

**भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। -नेबेन्ज्या**

### पांच साल बाद मास्को दौरा

बता दें, करीब पांच साल के अंतराल में पीएम मोदी की पहली रूस यात्रा होगी। उनका रूस का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था, जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक के सुदूर पूर्व शहर में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। हालांकि, क्रेमलिन के एक अधिकारी ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनकी यात्रा के लिए तैयारियां चल रही हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने कहा था कि मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हम भारत के प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां कर रहे हैं।

### भारत-रूस के विशेष संबंध

नेबेन्ज्या ने कहा कि भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। भारत रूस का पुराना मित्र है। हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं और मुझे लगता है कि पीएम मोदी की संभावित यात्रा के दौरान उन सभी मुद्दों पर ठोस बातचीत होगी, जिन पर दोनों देश सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का भरोसा है कि इससे दूसरे देशों को गंभीर संदेश जाएगा। नेबेन्ज्या ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि रूस-भारत संबंध और भी बेहतर होंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए भारत और रूस अगले हफ्ते पीएम मोदी के मास्को दौरे की योजना पर विचार कर रहे हैं।

## बाइडेन और मोदी की जी-7 में भी हुई थी मुलाकात

भारत-अमेरिका के रिश्तों पर बोले पटेल

# दोनों देश कई क्षेत्रों में अपने संबंधों को कर रहे हैं गहरा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि उनका देश आर्थिक और सुरक्षा सहयोग समेत कई अहम क्षेत्रों में भारत के साथ संबंधों को गहरा कर रहा है और वह ऐसा करना जारी रखेगा।



अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में भारत और अमेरिका के बीच संबधों अैर इटली में हालिया जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक संबंधों, सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को कुछ सप्ताह पहले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से कुछ देर मुलाकात करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि हम इन संबंधों को मजबूत करते रहने की दिशा में काम करेंगे।

### कोई भी देश आतंकवाद की निंदा करेगा

पाकिस्तान से जुड़े एक सवाल के जवाब में वेदांत पटेल ने कहा कि हम आशा करते हैं कि दुनिया का कोई भी देश कहीं भी आतंकवाद की निंदा करेगा। लेकिन, यह अंततः भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है। उन्होंने कहा कि मोटे तौर पर, हम किसी भी देश द्वारा अपने पड़ोसियों के साथ अधिक सकारात्मक संबंध बनाने का निश्चित रूप से स्वागत करते हैं लेकिन जहां तक विशेष रूप से इससे संबंधित बात है, तो मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता। वेदांत पटेल से पूछा गया कि भारत के ऐसे देशों से रिश्ते हैं जिनसे अमेरिका के संबंध अच्छे नहीं है। इस पर पटेल ने कहा है कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं। हमारे आर्थिक व सुरक्षा संबंध आगे बढ़ रहे हैं।

### रक्षा, व्यापार में बड़े समझौते

वेदांत पटेल ने इस बात का जिक्र किया कि पिछले वर्ष अमेरिका ने पीएम मोदी की राजकीय यात्रा की मेजबानी की थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसे कई और क्षेत्र हैं जहां दोनों देश सहयोग को और गहरा कर सकते हैं। पीएम मोदी ने पिछले साल जून में राष्ट्रपति बाइडेन के निमंत्रण पर अमेरिका की यात्रा की थी और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और अंतरिक्ष सहयोग संबंधी कई बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी कुछ सप्ताह पहले दिल्ली का दौरा किया था। सुलिवन ने 17 से 18 जून तक भारत की यात्रा की थी और अपने समकक्ष अजीत डोभाल के साथ व्यापक वार्ता की थी जिसमें महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर महत्वाकांक्षी भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

# किनिष्क बम धमाके पर संसद में रखे गए मौन से भारत ने आंतकवाद पर दुनिया को दिया बड़ा संदेश

## पूर्व राजनयिक बोले, भारत ने बताया, आतंकवाद को किसी खांचे में रखकर नहीं देखा जाना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया से जुड़े करीब 40 साल पुराने कनिष्क बम धमाके में मारे गए 329 भारतीय नागरिकों की याद में संसद के दोनों सदनों में हालिया रखे गए दो मिनट के मौन को लेकर देश के कूटनीतिक हलकों से महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है।

इसमें कुछ पूर्व राजनयिकों का कहना है कि इसके जरिए भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को दो बड़े संदेश दिए हैं। एक में वह कनाडा समेत बाकी दुनिया के देशों को यह साफ कर रहा है कि आतंकवाद की समस्या को लेकर उसकी सरकार और आम जनता का रुख एक समान है। दोनों मानवता के इस सबसे बड़े दुश्मन का समूल नाश करने के पक्ष में हैं। जबकि दूसरे में भारत ने यह बताने की कोशिश की है कि आतंकवाद को किसी खांचे में रखकर नहीं देखा जाना चाहिए। क्योंकि आतंकवादियों का कोई देश, सीमा, धर्म, जाति या संप्रदाय नहीं होता है।

पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि जब 1985 में यह घटना हुई थी। उस वक्त मुझे अच्छी तरह से याद है कि कनाडा की सरकार ने खालिस्तानी चरमपंथियों को बुलाकर अपने देश की नागरिकता प्रदान की थी। इसके बाद उन्होंने हाल ही में कनाडा की संसद में भारत द्वारा घोषित किए गए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर कुछ देर के लिए मौन भी रखा। जिससे ये साबित होता है कि कनाडा की सरकार अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए भारत विरोधी खालिस्तानी आतंकियों का कट्टर समर्थक है। लेकिन भारत ने अपनी संसद में कनिष्क बम धमाके में मारे गए लोगों की याद में रखे गए मौन के जरिए कनाडा समेत समूची दुनिया को यह बता दिया कि वह दशकों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहा है। इसे लेकर दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए। मामले में हमारी सरकार और आम जनता का रुख समान है।

पूर्व राजदूत अशोक सज्जनहार ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न मंचों से कनाडा द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों को मिल रहे समर्थन का मामला उठाता रहा है। लेकिन इस बार हमारी सरकार ने संसद में भी इस मामले को उठाया। क्योंकि यहां का संदेश राजनीति से परे एक मुल्क की आम जनता की आवाज के रूप में लिया जाता है। जिसे दुनिया का कोई भी देश आसानी से खारिज नहीं कर सकता है।

### 25 लाख में सलमान की सुपारी ली, पाकिस्तान से आनी थी एके-47

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मुंबई, रायगढ़, नवी मुंबई, थाने, पुणे और गुजरात से आने वाले लॉरेंस और संपत नेहरा गैंग के तकरीबन 60 से 70 गुर्गे सलमान खान पर नजर रखे हुए हैं। ये नाबालिगों के जरिए सलमान पर अटैक करने का प्लान बना रहे थे।

## इंदिरा गांधी के बाद ऑस्ट्रिया के साथ संबंधों को मजबूत करने नरेंद्र मोदी जाएंगे वियाना, मास्को भी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर निकलेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय में इन दिनों की इन यात्राओं को लेकर जमकर तैयारी चल रही है। आगामी 8-9 जुलाई को प्रधानमंत्री रूस की राजधानी मास्को में रहेंगे जब कि अगले फिर, 9-10 जुलाई ऑस्ट्रिया की राजधानी वियाना में। पड़ोसी देशों के साथ दो पक्षीय संबंधों को खादपानी देने के साथ प्रधानमंत्री की 'इटिनरी' में ऐसे कई अनौपचारिक कार्यक्रमों को भी जोड़ा गया है जिससे मास्को और वियाना के साथ भारत आपसी संबंधों की नई इबारत लिख सके।

गत फरवरी 2022 के बाद और रूस-युक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉस्को में राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के साथ वार्ता टेबल पर साथ बैठेंगे। इसके पहले 2019 में प्रधानमंत्री व्लादिवोस्तोक की यात्रा पर गए थे। इससे पहले मोदी और पुतिन के बीच दो पक्षीय वार्ता 2022 में उजबेकिस्तान के समरकंड हुई एससीओ बैठक के दरम्यान हुई थी।

बैठक में उस समय मोदी ने अपनी ओर से रूस के राष्ट्रपति से कहा था कि ये समय युद्ध का नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुरू से ही कोशिश रही है कि रूस और युक्रेन के बीच युद्ध को अविलंब रोका जाए। वैश्विक शांति और भाईचारे का माहौल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कायम हो। यही वजह रही कि 2022 के बाली में हुए जी-20 बैठक में भारत की ओर से मोदी ने शांति का पैगाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रखा था।

जी-7 की उच्चस्तरीय बैठक से गत 13-14 को इटली यात्रा से लौटे प्रधानमंत्री की अब रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ये बात अलग है कि रूस-युक्रेन शांति बहाली के लिए स्विटजरलैंड की बैठक से प्रधानमंत्री ने खुद को अलग रखा था। उस बैठक में विदेश मंत्रालय की ओर से सचिव (पश्चिम) पवन कपूर को भारत का प्रतिनिधित्व करने भेजा गया था।

सत्ता प्रतिष्ठन से जुड़े विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि इंदिरा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री होंगे जो 41 सालों के बाद बतौर प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रिया के बीच दो पक्षीय राजनयिक संबंध 10 नवंबर 1949 से परस्पर शुरू हुआ था। 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ऑस्ट्रिया दौरा किया था। उसके बाद अब नरेंद्र मोदी जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स को लेकर कुछ बेहद महत्पूर्ण घोषणाएं संभावित हैं।

### मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों का हो स्थाई समाधानः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने देश के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है।







## वायु सेना प्रमुख ने हैदराबाद में हथियार प्रणाली स्कूल का किया उद्घाटन

# भविष्य की जरूरतों के अनुरूप चुनौतियों से निपटने करेंगे तैयारी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

वायु सेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने हैदराबाद के एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट में हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के इतिहास में एक नया अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वायु सेना प्रमुख (सीएएस) ने 08 अक्टूबर, 2022 वायु सेना दिवस परेड समारोह के दौरान हथियार प्रणाली स्कूल के गठन की घोषणा की थी। वर्ष 2022 में भारतीय वायुसेना में अधिकारियों की एक नई इकाई हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) को स्वीकृति देने के बाद इसकी शुरूआत हुई। भारतीय वायु सेना को भविष्योन्मुख बल के रूप में पुनः व्यवस्थित करने और समयानुसार परिवर्तित करने के उद्देश्य से, इस नए प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का गठन किया गया है। सामान्य रूप से सशस्त्र बलों और विशेष रूप से भारतीय वायु सेना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



### फ्लांइग और रिमोट स्ट्रीम का लेंगे प्रशिक्षण

डब्ल्यूएसएस प्रकृति के अनुकूल प्रभाव आधारित प्रशिक्षण प्रदान करेगा और भारतीय वायु सेना की आवश्यकताओं के अनुरूप नवगठित शाखा के अधिकारियों को तैयार करेगा। हथियार प्रणाली शाखा के फ्लाइट कैडेट इस संस्थान में अपने दूसरे सेमेस्टर का प्रशिक्षण लेंगे। नई शाखा में फ्लाइंग स्ट्रीम, रिमोट स्ट्रीम, और अंतरिक्ष-आधारित खुफिया को संभालने के लिए इंटेलिजेंस स्ट्रीम की चार धाराएं शामिल होंगी।

### युद्धक क्षमता में वृद्धि होगी

*वीआर चौधरी ने कहा कि हथियार प्रणाली स्कूल के निर्माण के साथ, जमीन आधारित और विशेषज्ञ हथियार प्रणालियों के संचालक एक मंच पर आ जाएंगे, जिससे भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस एक नवगठित शाखा में अग्रणी है। वे ऐसे स्तंभ हैं जिन पर प्रशिक्षण व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी है। इससे वायु सेना सुदृढ़ होगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109